राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित शर्मा ने फैसला कर लिया, आईपीएल 2025 में इस टीम से खेलेंगे ...

युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा को दी जन्मदिन की ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 145 | नई दिल्ली, गुरुवार, 05 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम नीतीश ने शिक्षक दिवस पर राज्य के शिक्षकों को दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए राज्य के शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है। शिक्षक समाज के मेरूदंड हैं। शिक्षकों को हर स्तर पर आदर एवं सम्मान मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि सभी शिक्षक राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। वे देश की भावी पीढ़ी को इस तरह तैयार करें कि उनके मन में देशप्रेम, भाईचारा और सद्भाव की भावना विकसित हो। उनके अंदर देश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना विकसित हो और वे अपनी योग्यता, ज्ञान, विज्ञान एवं व्यक्तित्व के सहारे देश का नाम उज्ज्वल करें।

### राहुल ने पुनर्वास कार्यक्रम के लिए एक महीने का वेतन किया दान

वायनाड। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायनाड भूस्खलन के पीड़ितों के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) को अपना एक महीने का वेतन (2.3 लाख रुपये) दान किया है। पार्टी की प्रदेश इकाई ने बुधवार को यह जानकारी दी। केपीसीसी महासचिव एम. लीजू ने एक बयान में कहा कि गांधी ने घोषणा की थी कि पार्टी 30 जुलाई को हुए भीषण भूस्खलन में अपने प्रियजनों, घरों और आजीविका का साधन खोने वाले लोगों के लिए 100 घरों का निर्माण कर उन्हें प्रदान करेगी। गांधी की इसी घोषणा के तहत कांग्रेस की प्रदेश इकाई राशि जमा कर रही है जिसमें उन्होंने (गांधी ने) अपना एक महीने का वेतन दान किया है। बयान में कहा गया है कि धन जुटाने के कार्यक्रम के तहत स्टैंड विथ वायनाड-आईएनसी नाम से एक मोबाइल ऐप बनाया गया है।

**मुख्यमंत्री ने जेपी नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माणाधीन टर्मिनल का किया निरीक्षण**

# राज्य के किसी भी हिस्से से अधिकतम 200 किमी के अन्दर हवाई अड्डे की व्यवस्था हो : नीतीश

## सीएम ने की समीक्षा बैठक, निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के दिये निर्देश



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निमाणार्धीन टर्मिनल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को बचे हुये कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के विस्तारीकरण कार्य की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के समीक्षा कक्ष में विस्तारीकरण कार्य से संबंधित एक समीक्षा बैठक हुयी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना एयरपोर्ट पर और बेहतर सुविधाओं के लिए विस्तारीकरण के तहत जो भी जरुरी कार्य हैं वो किये जा रहे हैं। पटना एयरपोर्ट पर हवाई जहाजों के सुचारु आवागमन को लेकर विस्तारीकरण कार्य जल्द पूरा करें। राज्य सरकार से जो भी मदद की जरूरत होगी उसे पूरा किया जायेगा। हवाई अड्डा परिसर के पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था करें और हवाई अड्डा से कनेक्टिविटी को बेहतर बनायें ताकि कम से कम समय में लोग यहां पहुँच सकें। परियोजना के अन्तर्गत बन रहे टर्मिनल बिल्डिंग, मल्टीलेवल पार्किंग और पहुँच पथ आदि सभी हिस्सों का उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करें।

राज्य के किसी भी हिस्से से अधिकतम 200 किमी के अन्दर हवाई अड्डे की व्यवस्था हो :

मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे पर आवागमन के दृष्टिकोण से पटेल चौक से हवाई अड्डे चौक के पथ की चौड़ीकरण एवं अंडरपास तथा पटेल चौक से इको पार्क तक नाले को पक्का कर फोरलेन रोड के निर्माण की योजनाओं पर शीघ्र काम करें। हवाई अड्डे को पटना मेट्रो परियोजना से भी जोड़े जाने की योजना बनाकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि बिहटा हवाई अड्डे के रनवे के विस्तार हेतु भू-अर्जन कार्य को तेजी से पूर्ण करने का हमने निर्देश दिया है ताकि इसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जा सके।

राज्य सरकार का यह प्रयास है कि राज्य के किसी भी हिस्से से अधिकतम 200 किमी के अन्दर हवाई अड्डे की व्यवस्था हो जाय ताकि आम जन को सहूलियत हो सके तथा राज्य के किसानों एवं उद्यमियों का उत्पाद देश के अन्य हिस्सों एवं विदेशों में सुगमतापूर्वक पहुँच सके। ज्ञातव्य है कि बिहार राज्य के सभी क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से वर्तमान में अवस्थित तीनों हवाई अड्डों यथा पटना, गया, दरभंगा का क्षमता विस्तार के साथ-साथ राज्य में नये हवाई अड्डे यथा पूर्णियाँ, रक्सौल, राजगीर एवं भागलपुर में चालू करने की योजना पर काम किया जा रहा है। पूर्णियाँ हवाई अड्डे को चालू कराने के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन अर्जित कर ली है। 15 एकड़ जमीन का अर्जन किया जाना है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से यह अनुरोध किया गया कि इस जमीन को कब्जा में लेकर शीघ्र ही आवश्यक संरचना निर्माण कर पूर्णियाँ हवाई अड्डे को चालू कराया जाय। इसमें राज्य सरकार की ओर से हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से यह भी अनुरोध किया गया है कि राजगीर ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा चिन्हित स्थल का फिजीबलिटी अध्ययन करा दिया जाय। रक्सौल के हवाई पट्टी के विस्तार के लिए अतिरिक्त जमीन की माँग की गयी है जिसके लिए जिला पदाधिकारी के स्तर से कार्य किया जा रहा है। साथ ही नये हवाई अड्डे के निर्माण हेतु अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

**ये रहें मौजूद:** निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप आर पुदकल कट्टी, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव निलेश रामचन्द्र देवरे, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन सुरेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### निर्माण कार्य अगले पांच माह के अंदर पूर्ण करने का लक्ष्य

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री को एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन सुरेश कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि 1400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बन रहे एयरपोर्ट डेवलपमेंट परियोजना का निर्माण कार्य अगले पाँच माह के अंदर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान हवाई अड्डे में 05 जहाजों के पार्किंग की व्यवस्था है जिसे बढ़ाकर 11 किया जा रहा है। वर्तमान हवाई अड्डे की क्षमता 30 लाख यात्री प्रतिवर्ष है, जिसे बढ़ाकर लगभग 01 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष किया जा रहा है। यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान के लिए एरो ब्रिज बनाये जा रहे हैं। देश के अन्य आधुनिक एयरपोर्ट की भाँति पटना एयरपोर्ट टर्मिनल का विकास हो रहा है।

# ईपीएस पेंशनभोगियों को 1 जनवरी से देश के किसी भी बैंक और ब्रांच से मिलेगी पेंशन

## केंद्र सरकार ने केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली को दे दी है मंजूरी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कर्मचारी पेंशन योजना के पेंशनभोगियों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली को मंजूरी दे दी है। इससे ईपीएस पेंशनभोगियों को 1 जनवरी, 2025 से देश में कहीं भी, किसी भी बैंक और किसी भी शाखा से पेंशन मिलेगी। इसके तहत 78 लाख से अधिक कर्मचारियों को फायदा होगा, जो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का हिस्सा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा ईपीएफ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष ने कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के लिए केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने जारी बयान में कहा कि ईपीएस पेंशनभोगी 1 जनवरी, 2025 से भारत में कहीं भी, किसी भी बैंक और किसी भी शाखा से पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐतिहासिक निर्णय के बारे में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) की स्वीकृति ईपीएफओ के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मंडाविया ने कहा कि पेंशनभोगियों को देश में कहीं भी किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन हासिल करने में सक्षम बनाने वाली ये पहल पेंशनभोगियों के सामने आने वाली लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करती है और एक निर्बाध और कुशल संवितरण तंत्र सुनिश्चित करती है। मंत्रालय के अनुसार पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय किसी भी सत्यापन के लिए बैंक के शाखा में जाने की भी जरूरत नहीं होगी। पेंशन जारी होने पर तुरंत जमा कर दी जाएगी। इसका अगले चरण में आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) में बदलाव होगा। इसके अलावा ईपीएफओ को उम्मीद है कि नई प्रणाली में जाने के बाद पेंशन वितरण में उल्लेखनीय लागत में कमी आएगी। गौरतलब है कि पिछले महीने ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को अपनी मंजूरी दी है, जो एक सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन और पारिवारिक पेंशन प्रदान करेगी। इस योजना से लगभग 23 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों को लाभ होगा।

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल: कई आईपीएस अधिकारियों का तबादला

प्रात : किरण



पटना। नये डीजीपी आलोक राज के कार्यभार संभालने के बाद पुलिस महकमे में पहला फेरबदल हुआ है। 14 सीनियर आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया गया है। आईजी से लेकर एसपी स्तर के अधिकारियों का तबादला किया गया है। बिहार सरकार के गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक मुजफ्फरपुर क्षेत्र के आईजी के पद पर तैनात शिवदीप वामनराव लांडे का ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें पूर्णिया का आईजी बनाकर भेजा गया है। लांडे के पास छपरा के डीआईजी का जिम्मा भी था, वहां भी नये डीआईजी की तैनाती की गयी है। सरकार ने मुजफ्फरपुर में अब डीआईजी की तैनाती की है। दरभंगा के डीआईजी बाबू राम को मुजफ्फरपुर का डीआईजी बनाया गया है। नीलेश कुमार को छपरा का डीआईजी बनाकर भेजा गया है। पूर्णिया में तैनात डीआईजी विकास कुमार को बेगूसराय में डीआईजी बनाकर भेजा गया है। इनके अलावा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे शालीन को बीएमपी का आईजी बनाया गया है। आईजी (हेडक्वार्टर) राकेश राठी को आईजी (ट्रेनिंग) के पद पर पोस्टिंग कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय में आईजी (ट्रेनिंग) के पद पर तैनात राजेश कुमार को दरभंगा का आईजी बनाकर भेजा गया है। सरकार ने वेटिंग फॉर पोस्टिंग पंकज कुमार राज को नागरिक सुरक्षा का एसपी बनाया है। स्पेशल ब्रांच के डीआईजी अभय कुमार लाल को सीआईडी के राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो का डीआईजी बनाया गया है। बेगूसराय के डीआईजी पद पर तैनात राशिद जमां को पुलिस हेडक्वार्टर में डीआईजी (प्रशासन) बनाया गया है। नागरिक सुरक्षा के पुलिस अधीक्षक विजय प्रसाद को एआईजी (प्रशिक्षण) बनाया गया है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को राष्ट्रीय स्वर्ण पुरस्कार


प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को पोषण ट्रैकर पहल के लिए ई-गवर्नेंस 2024 का राष्ट्रीय स्वर्ण पुरस्कार मिला है। मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि पोषण ट्रैकर पहल को यह पुरस्कार सरकारी प्रक्रिया की पुनर्रचना और डिजिटल बदलाव के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार कल मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किये गये। एक अत्याधुनिक आईसीटी एप्लीकेशन पोषण ट्रैकर बच्चों के पोषण विकास की वास्तविक समय निगरानी और मूल्यांकन के साथ एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करता है। मिशन पोषण 2.0 विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप बच्चे के विकास को पहचान में मदद करता है। ये मानक बच्चे के विकास को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकताओं को पोषण की स्थिति का आकलन करने में मदद करते हैं।

# अवैध खनन रोकने को लेकर सरकार सख्त, सीसीटीवी से होगी निगरानी

प्रात : किरण

पटना। राज्य सरकार बालू के अवैध खनन रोकने को लेकर सख्त है। खान एवं भूतत्व विभाग भी इस दिशा में लगातार कार्रवाई का रहा है। बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में खान एवं भूतत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव मीहिर कुमार सिंह विभाग से संबंधित उपलब्धियों को मीडिया से साझा किया। उन्होंने बताया कि बालू के अवैध खनन को रोकने तथा अवैध खनन करनेवालों पर सख्ती से कार्रवाई के लिए चेकपोस्ट पर भी सीसीटीवी लगाये जायेंगे। श्री सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3300 करोड़ करोड़ राजस्व संग्रह लक्ष्य के विरुद्ध 3114 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया। चालू वित्तीय वर्ष में अगस्त तक कुल 813 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया है, जो पिछले वर्ष में अगस्त माह की तुलना में 58 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 984 बालूघाट चिह्नित हैं। इनमें से 369 बालू घाटों की नीलामी की जा चुकी है। नीलामी किये गये बालू घाटों में से अब तब 237 बालू घाटों के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति मिल चुकी है, जिसमें 178 बालूघाटों के लिए सीटीओ मिला है। फिलहाल 152 बालू घाटों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि वृहत खनिज के 10 खनिज ब्लॉक बिहार को आवंटित किये गये थे। खान एवं खनिज अधिनियम के प्रावधान के तहत क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिजों की नीलामी केंद्र सरकार द्वारा ही किये जाने का प्रावधान है। इसमें सात खनिज ब्लॉकों की नीलामी केंद्र सरकार के स्तर से की जा रही है। प्रथम चरण में 2 ग्लूकोनाइट तथा 1 निकेल यानी कुल तीन खनिज ब्लॉक की नीलामी करायी गयी है। चयनित बीडर्स को विभाग द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति का आदेश निर्गत किया जा चुका है। श्री सिंह ने बताया कि वैध रूप से खनन एवं परिवहन सुनिश्चित किये जाने के लिए विभाग के स्तर पर एकीकृत कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना की गयी है। सभी संचालित बालूघाटों के धर्मकांटा स्थल, वाहनों के आगमन एवं निकास प्वाईंट पर इंटरनेट युक्त कैमरे लगाये गये हैं, जो मुख्यालय के कंट्रोल एवं कमांड सेंटर के माध्यम से अवैध खनन एवं परिवहन पर निगरानी रखी जा रही है। साथ ही बालू की ढुलाई करने वाले वाहनों के लिए रूट चिह्नित करने की भी कार्रवाई की जा रही है। इससे मीसिंग वाहनों को ढूंढ़ने में भी सहूलियत होगी तथा अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई भी हो सकेगी।





सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

शिक्षक दिवस

(5 सितम्बर, 2024)

राज भवन
पटना-800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, राजनेता, शिक्षक, समाज के श्रेष्ठतम प्रतिनिधि एवं महान व्यक्तित्व के धनी डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयन्ती के अवसर पर मैं अपना श्रद्धा-सुमन समर्पित करता हूँ।

राष्ट्र-निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। देश की सर्वश्रेष्ठ संपत्ति हमारे बच्चे हैं। उनमें सुसंस्कारों की नींव रखना तथा उनका सही मार्गदर्शन करना शिक्षकों का परम कर्त्तव्य है, ताकि वे सर्वसमर्थ और योग्य नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा कर सकें। विद्यार्थियों का भी कर्त्तव्य है कि वे अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक सुदृढ़ करें। शिक्षक को समाज के गुरू के रूप में देखा जाता है। हम सबका दायित्व बनता है कि उन्हें उचित मान, सम्मान तथा आदर प्रदान करें और कृतज्ञ रहें।

शिक्षकों के लिए यह अति महत्त्वपूर्ण है कि वे युवाओं में सत्य, सहृदयता और मानवता जैसे मूल्यों एवं आदर्शों का समावेश करें, ताकि वे वर्त्तमान जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। राज्य में उत्कृष्ट शिक्षा को मानव संसाधन के विकास का मेरूदण्ड मानते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बहुआयामी प्रयास किया जा रहा है।

शिक्षक दिवस के इस पुनीत अवसर पर मैं राष्ट्र के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ एवं आशा करता हूँ कि वे गुरू-शिष्य की महान परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए उसे नई ऊँचाई प्रदान करें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 007515 (Education)D. 2024-25

बिहार सरकार

शिक्षक दिवस

5 सितम्बर, 2024

संदेश

देश के महान दार्शनिक, प्रख्यात शिक्षक, सत्य-कर्मयोगी और भूतपूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर हर वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा था कि-''शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। सिर्फ अच्छे भवन, महँगे उपकरण या सुविधाओं से स्कूल नहीं बनता, बल्कि एक अच्छे स्कूल को बनाने में शिक्षकों की निष्ठा और समर्पण ही निर्णायक साबित होते हैं।''

ज्ञानमूलक समाज के निर्माण के लिए हमारे शिक्षकों को सदैव तैयार रहना चाहिये। उन्हें बच्चों में विवेकसम्मत तर्क, विश्लेषणात्मक सोच, समस्याओं का समाधान करने की शक्ति विकसित करनी होगी। विद्यार्थियों में श्रेष्ठ ज्ञान को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका हमारे शिक्षकों की है, जिनके द्वारा सच्चरित्र, राष्ट्र-भक्त, वैज्ञानिक सोंच के धनी और मानवतावादी व्यक्तित्व के नागरिकों का निर्माण किया जाता है।

शिक्षा ज्ञान की आधारशिला है। बिहार हमेशा से बौद्धिक जागृति एवं प्रगतिशील सोंच की भूमि रही है। राज्य द्वारा बिहार को अपने पुरातन गौरव प्राप्त करने हेतु गुणात्मक सुधार एवं सकारात्मक परिवर्त्तन का प्रयास किया जा रहा है।

शिक्षक दिवस के इस गौरवमयी अवसर पर मैं सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि सभी शिक्षक अपनी शिक्षण-क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, ताकि आने वाले समय में शिक्षित एवं विकसित बिहार बनाने का सपना पूरा हो सके।

(सुनील कुमार)
मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार

PR No.- 007514 (Education)D. 2024-25

## संक्षिप्त समाचार

### चोरों ने घर के बाहर से ई-रिक्शा की चोरी

**रूड़की, एजेंसी।** चोरों ने घर क बाहर खड़ी एक ई-रिक्शा चोरी कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिक्शा चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित शेखपुरी निवासी भारती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ महीने पूर्व ऋण लेकर उनके पति ने परिवार चलाने के लिए ई-रिक्शा खरीदी थी। रात को पति ने घर के बाहर रिक्शा खड़ी थी और खाना खाने अंदर चले गए थे। कुछ देर बाद पति घर से बाहर आए तो रिक्शा गायब देखी। उन्होंने रिक्शा की आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। कोतवाली प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार रिक्शा चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### अभिभावक शिक्षक संघ के ऋषि प्रसाद बने अध्यक्ष

**पोखरी, एजेंसी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नागनाथ पोखरी में अभिभावक शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें ऋषि प्रसाद भट्ट अध्यक्ष चुने गए। डॉ. नंदकिशोर चमोला सचिव, विजया देवी सहसचिव, दिनेश प्रसाद पंत कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा मधु चमोला, सुमति देवी, विमला देवी, गुड़िया देवी, रेखा देवी, अंजू देवी, चैतू लाल आदि सदस्य चुने गए। इस दौरान प्राचार्य डॉ. संजीव जुयाल, डॉ. आरती रावत, डॉ. कीर्ति गिल और डॉ. प्रवीण मैठाणी आदि मौजूद रहे।

### अपराधियों का पुलिसिया ढंग से करेंगे स्वागत -डीजीपी

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्री बालाजी ज्वेलर्स के शोरूम में हुई डकैती की घटना के बाद पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार मंगलवार रात हरिद्वार पहुंचे। उन्होंने डामकोठी में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल और अन्य अधिकारियों से घटना की जानकारी ली और अभी तक की विवेचना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर शोरूम के मालिक अतुल गर्ग से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। भरोसा दिलाया कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि रविवार को हुई डकैती प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी घटना है। इसे हमने चुनौती के तौर पर स्वीकार किया है। हरिद्वार के अफसरों और एसटीएफ की बेस्ट टीमें घटना के खुलासे के लिए लगाई गई हैं। अपराधी को पकड़ेंगे और माल भी बरामद करेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूरी जांच पड़ताल पर नजर बनाए हुए हैं। इसलिए एसटीएफ को भी खुलासे में लगाया गया है। कहा कि देवभूमि में पर्यटक व तीर्थ यात्रियों का स्वागत होता है। जो भी अपराधी इस तरह का दुस्साहस करेंगे, चाहे वो कहीं के भी हों, उनका पुलिसिया ढंग से स्वागत करना हमें आता है। जल्द निकट भविष्य में इसका सही खुलासा होगा और माल भी बरामद होगा। भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए सार्थक प्रयास किए जाएंगे। डीजीपी ने अधीनस्थों की बैठक लेते हुए कहा कि बदमाशों का हुलिया अन्य राज्यों की पुलिस से साझा किया जाए। उनके वाहनों की डिटेल लेकर सर्विलांस की मदद से मोबाइल आदि की जानकारी जुटाएं। डीजीपी ने कहा कि तकनीक के साथ-साथ मुखबिर तंत्र की मदद भी ली जाए। कोई भी एंगल छूटना नहीं चाहिए।

### झमाझम बारिश के बाद रानीपुर मोड़ पर लगा जाम

**हरिद्वार, एजेंसी।** मंगलवार की देर शाम झमाझम बरसात के बाद माता हरिद्वार में भगत सिंह चौक के पास जलभराव हो गया। जिसके बाद रानीपुर मोड़ से जाने वाला ट्रैफिक एक साइड से रोक दिया गया। यातायात का दबाव बनने से काफी लंबा जाम लग गया। यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ी। मंगलवार की देर शाम अचानक झमाझम बरसात शुरू हो गई। इसके बाद रात तक कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होती रही, जिससे चलते शहर में कई जगहों पर जलभराव हो गया। सबसे अधिक समस्या भगत सिंह चौक के पास रेलवे अंडरपास में हुई। जहां दोनों साइड में पानी भर गया। एक साइड में अधिक जलभराव होने से एक साइड से ही वाहन गुजरते रहे।

# नैनीताल जिले में 24 घंटे में तीन वारदातों से दहशत, घर के बाहर बच्ची के अपहरण की कोशिश

**नैनीताल , एजेंसी।** पुलिस को खुलेआम चुनौती देते हुए अपराधी शहर में सक्रिय हैं। बीते एक सप्ताह के दौरान जिले में लूट, छेड़छाड़ और दुष्कर्म की एक के बाद एक घटनाएं सामने आ रही हैं। महिलाओं से अपराधों की बाढ़ सी आ गई है।

हल्द्वानी शहर में महिला अपराध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, मानो अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं रह गया है। बीते एक सप्ताह में हल्द्वानी क्षेत्र में चेन स्नेचिंग, मोबाइल लूट, छेड़छाड़ और दुष्कर्म के मामले सामने आ चुके हैं। बनभूलपुरा क्षेत्र में मंगलवार रात एक नौ साल की बच्ची को उसके ही घर के बाहर से अपहरण करने का प्रयास किया गया। आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं सोमवार सुबह 6ः20 बजे दिन निकलते ही सत्संग में जा रही बुजुर्ग महिला को चेन स्नेचरों ने अपना शिकार बना लिया।

बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार शाम बच्ची के अपहरण की कोशिश से खलबली मच गई। बच्ची का शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने आरोपी को दबोचकर उसकी धुनाई कर दी। घटना के बाद से बच्ची बेहद डरी-सहमी है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है।

टनकपुर रोड स्थित गौला गेट निवासी मोहम्मद वसीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब 7ः30 बजे उनकी नौ साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वहां एक अंजान युवक पहुंचा और बेटी को जबरन खींचकर साथ ले जाने लगा। बच्ची की चीख सुनकर मोहल्ले वाले आरोपी के पीछे दौड़े।

उन्होंने किसी तरह आरोपी को दबोच लिया, तब तक परिजन भी बाहर पहुंच गए। इस दौरान लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई लगा दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद आरोपी को पुलिसकर्मियों को सौंप दिया। एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी ने बताया कि बच्ची के पिता की तहरीर पर अपहरण की कोशिश की धारा में 137(2) में काठगोदाम वार्ड 34 निवासी आरोपी नवीन आर्या पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

चेन स्नेचिंग पहले रात में होती थी। रात में पुलिस की सख्ती के बाद अब स्नेचर सुबह चेन स्नेचिंग करने लगे हैं। मंगलवार सुबह 6ः20 बजे धनुली देवी की एक



बाइक में सवार दो चेन स्नेचरों ने सोने की चेन झपटी ली। इसके बाद वह फरार हो गए। लोहरियासाल तल्ला स्थित कालिका कॉलोनी प्रथम निवासी करम सिंह बगड़वाल ने बताया कि उनकी बहन धनुली देवी मंगलवार सुबह करीब 6ः20 बजे ब्लॉक स्थित ओम शांति केंद्र जा रही थीं। घर से पैदल निकली थीं। मुखानी थाने से थोड़ा आगे जाते ही पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। उन्होंने चलती बाइक से बहन की ढाई तोले की सोने की चेन खींचकर ले गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। एसओ मुखानी पंकज जोशी ने बताया कि आरोपी की पहचान हो गई है। ये कालाढूंगी की तरफ भागे हैं। तहरीर के आधार पर धारा 304 में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कोटाबाग में एक युवती से छेड़छाड़ और उसके साथी के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बीते सोमवार की शाम करीब पांच बजे अपने साथी मित्र के साथ कोटाबाग बाजार में सामान खरीद रही थी। तभी उनके सामने एक कार आई। इस कार में सवार एक व्यक्ति युवती से गंदे इशारे करने लगा। युवती व युवक ने तत्काल पुलिस की 112 सेवा में शिकायत दर्ज कर कार का पीछा किया। युवक ने कार को ओवरटेक कर पवलगढ़ के जंगल में रोक लिया। युवती कार में बैठ कर सारे घटनाक्रम का वीडियो बना रही थी। तभी एक और कार वहां आई ये कार सवार भी छेड़छाड़ कर रहे युवकों के साथी थे जिस कार का वह पीछा कर रहे थे। कार सवार 3 से 4 लोगों ने फिर से युवती से छेड़छाड़ और गाली गलौच शुरू कर युवती के मित्र को पीटना शुरू कर दिया। युवती के हाथ में वीडियो रिकॉर्डिंग बनता देख उक्त कार सवार मौके से भाग निकले। युवती ने कालाढूंगी थाने पहुंच कर पुलिस को आपबीती बताई। एसओ भगवान महर ने बताया कि मामले में 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ और गाली गलौच का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गंगोत्री-यमुनोत्री और बदरीनाथ हाईवे पर आया भारी मलबा, फंसे वाहन, पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश



**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश का सिलसिला जारी है। इस बीच भारी मलबा-पत्थर आने से गंगोत्री-यमुनोत्री और बदरीनाथ हाईवे बंद हो गए हैं। भारी मलबा पत्थर आने से गंगोत्री-यमुनोत्री और बदरीनाथ हाईवे बाधित हो गए हैं। यहां कई वाहन फंसे हैं, जिस कारण लोग हाईवे खुलने के इंतजार में बैठे हैं। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गंगोरी से आगे गर्म पानी के पास मलबा व पत्थर आने के कारण बाधित है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी जर्जर गाड़ के पास मलबा व पत्थर आने से बंद है। इसके अलावा कर्णप्रयाग गौचर के पास कमेड़ा मे बदरीनाथ हाईवे पर आवाजाही ठप हो गई है। यहां सुबह से वाहनों की लंबी कतार लगी है। बीते साल से इस हिस्से में लगातार भूस्खलन हो रहा है। अतिवृष्टि से सड़क का एक बड़ा हिस्सा बह गया था। तब से यहां पर स्थायी ट्रीटमेंट नहीं हो पाया है। ऐसे मे बारिश के चलते पहाड़ी से मलबा आ रहा है।मंगलवार रात को हुई बारिश से यहां मलबा आ गया, जिससे सड़क बंद हो गई। एनएच सड़क खोलने में जुटा है। वहीं यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह मलबा पत्थरों के आने से मध्य रात्रि से आवाजाही के लिए बंद है। श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोग हाईवे खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

## उत्तराखंड में मुजफ्फरनगर की युवती से दुष्कर्म, यकीन दिलाने को पीड़िता ने खुद घटना का वीडियो बना घरवालों को भेजा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर की युवती से हल्द्वानी के बनभूलपुरा में दुष्कर्म हुआ। पीड़िता ने इसकी शिकायत घर जाकर की, लेकिन घरवालों ने यकीन नहीं किया। उसके बाद जब दोबारा दुष्कर्म हुआ तो पीड़िता ने आरोपित का लाइव वीडियो बनाकर स्वजन को भेज दिया। पुलिस ने आरोपित पर दुष्कर्म की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रम छप्पार मुजफ्फरनगर निवासी पीड़िता का कहना है कि उनके पिता रोडवेज में संविदा ड्राइवर हैं। वह पांच भाई-बहन हैं। बनभूलपुरा में रहने वाला जुबैर आलम उसके पिता का दोस्त था।

जुबैर रोडवेज में ड्राइवर पद से रिटायर्ड हो चुका है। जुलाई 2024 को जुबैर उनके घर आया और पिता से बोला कि अपनी बेटी को हमारे घर काम करने के लिए भेज दो, उनकी पत्नी बीमार रहती है। पिता ने जुबैर पर यकीन कर उसे भेज दिया। आरोपित को वह ताऊजी कहकर बुलाती थी। इसलिए उसने बनभूलपुरा आने से मना नहीं किया।

आरोप है कि उसे हल्द्वानी आते समय बस में नींद आ गई। तब जुबैर ने उसके साथ अश्लील हरकत की। घर पहुंचकर वह लंबे समय तक गलत हरकत करता रहा। 19 जुलाई को उसकी तबीयत खराब हो गई। वह घर गई तो घरवालों को सारी बात बताई। मगर उन्होंने यकीन नहीं किया।

13 अगस्त को जुबैर फिर उसे लेने आया और वह डरी सहमी हल्द्वानी आ गई। 10 दिन जुबैर ठीक रहा। फिर उसने अश्लील हरकत कर व उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है उसके पास मोबाइल नहीं था। जिस कारण वह घर में शिकायत नहीं कर सकी। एक दिन मौका पाकर उसने जुबैर का मोबाइल लिया और उसकी गलत हरकत करने की वीडियो बना ली।

## किसानों के मुआवजे की राशि फर्जी हस्ताक्षर कर निकाले जाने का मामला चर्चाओं में, 13.51 करोड़ साफ

**रुद्रपुर, एजेंसी।**
किसानों के मुआवजे की करोड़ों की राशि फर्जी हस्ताक्षर कर निकाले जाने का मामला चर्चाओं में है। इसमें बैंक स्तर से लापरवाही देखने को मिल रही है।

बैंक ने चेक पर छपे डिजिट का मिलान किए बिना ही तीन फर्मों में 13.51 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिये। चेक के नीचे तीसरे भाग पर छह डिजिट होती है। जिसे रिजर्व बैंक आफ इंडिया रिप्रेजेंट करता है। मगर बैंक अधिकारी चेक पर छपे डिजिट को नहीं पकड़ सके। एसएलएओ के हस्ताक्षर को पहचानना तो बाद की बात थी। रुपये ट्रांसफर करने से पहले न तो खातेदार के मोबाइल पर फोन कर सत्यापन किया गया न ही ट्रांसफर हुए रुपये के मैसेजे गए। ट्रांसफर हुए रुपये राजस्थान, चंडीगढ़ और मुंबई की दूसरी बैंक शाखाओं में ट्रांसफर हुए हैं। यह सब बैंक के अफसरों की घोर लापरवाही उजागर को दर्शाता है। काशीपुर-सितारगंज एनएच-74 के चौड़ीकरण के दायरे में सैकड़ों किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है। सर्किल रेट के हिसाब से मुआवजा दिया जाता है। काफी लोगों को मुआवजा दिया जा चुका है, कुछ किसानों का मुआवजा तकनीकी कारणों से रुका हुआ है। इंडसइंड बैंक में एनएचएआइ का खाता खुला है। किच्छा एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा को विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी यानी एसएलएओ ऊधम सिंह नगर बनाया गया है। मिश्रा ही कंपिटेंट अथारिटी एंड लैंड एक्विजीशन यानी काला भी हैं। काला व एनएचएआइ के संयुक्त खाते से 28 व 31 अगस्त को 13.51 करोड़ रुपये फर्जी हस्ताक्षर व चेक के माध्यम से आरोपित ने निकाल लिए। हैरानी है कि दूसरे राज्यों की फर्मों के खाते में रुपये ट्रांसफर करते समय बैंक अधिकारी व कर्मचारियों ने यह सोचने की जहमत नहीं उठाई कि उन्हें एसएलएओ के नाम से उपलब्ध कराए गए पत्र पर न तो तारीख लिखी गई थी, न ही पत्रांक संख्या। करोड़ों रुपये ट्रांसफर करते समय बैंक की एक नहीं, बल्कि कई लापरवाही उजागर हुई है। आइसीआइसीआइ बैंक शाखा चंडीगढ़ नानकसर इंफ्रा नामक फर्म के खाते में 4.50 करोड़ रुपये, राजस्थान के जयपुर की सेंट्रल बैंक शाखा में केपीबी मरीन सर्विस के खाते में चार करोड़ 53 लाख 27 हजार सौ रुपये और मुंबई महराष्ट्र में एक्सिस बैंक शाखा में सांवरिया ट्रेडर्स नामक फर्म के खाते में चार करोड़ 47 लाख रुपये 56 हजार 300 रुपये ट्रांसफर हुए हैं।

## पानी खरीदने पहुंचे दो युवकों पर हमला, एक गंभीर

**रुड़की, ए** क्री बाईपास पर स्थित एक ढाबे में पानी की बोतल लेने पहुंचे दो युवकों पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। एक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

ज्वालापुर निवासी अभय और उसका दोस्त सचिन किसी काम से शनिवार को मुजफ्फरनगर गए थे। रात में दोनों वापस आ रहे थे। रुड़की-हरिद्वार बाईपास पर स्थित एक ढाबे पर उन्होंने पानी की बोतल ली। इस दौरान अभय कुमार ने 500 रुपये का नोट ढाबा मालिक को दिया।

## महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चुराकर युवक करता था गंदा काम, सीसीटीवी में कैद हुई हरकत

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद में से एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है। इसमें एक ऐसा युवक सामने आया है जो महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चोरी करने के बाद उन्हें गंदा कर फेंक देता था। वहीं इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस इस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई। पुलिस ने बताया कि युवक मानसिक रूप से ठीक नहीं है जिसके चलते वह इन हरकतों को अंजाम दे रहा था।

बता दें कि ऊधमसिंहनगर जनपद के थाना दिनेशपुर क्षेत्र में आए दिन महिलाओं की अंडरगारमेंट चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। जिसको लेकर महिलाएं काफी परेशान हो रही थी। वहीं इन घटनाओं को लेकर महिलाओं ने एक शिकायत दिनेशपुर थाने में की थी। जिसके बाद पुलिस ने नए कानून के तहत 74 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच कर रही थी। लेकिन दिनेशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे कैमरे में जैसे ही यह फुटेज सामने आई तो पुलिस ने युवक की शिनाख्त करते हुए उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि वह महिलाओं के अंतर्वस्त्र चुरा कर हस्तमैथुन कर उन्हें गंदा कर वापस फेंक देता था।

वहीं इस पूरे मामले में एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि आरोपी युवक को पुलिस के द्वारा हिरासत में लिया गया।

## फर्जी तरीके से लोन देने के मामले में एक साल बाद मुकदमा

**रुड़की, एजेंसी।**
एक युवक के नाम पर फर्जी तरीके से दूसरा लोन पास करने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक साल बाद मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि उसने एक मोबाइल फाइनेंस कराया था लेकिन उसी दस्तावेज पर अन्य किसी और की फोटो लगाकर दूसरा लोन पास कर दिया गया था। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

राजू निवासी ग्राम बेहेड़ेकी सैदाबाद थाना झबरेड़ा ने बीएसएम तिराहा स्थित एक टेलीकॉम की दुकान से 26 मार्च 25023 को एक मोबाइल किस्त पर लिया था। किस्त बनाते वक्त उसने अपना आधार कार्ड, बैंक की पासबुक, पैन कार्ड, डेबिट कार्ड दुकानदार को दिए थे। इसके साथ ही फाइनेंस कर्मचारी ने दस्तावेजों पर उसके हस्ताक्षर कराए थे। उसकी पहली किस्त 1912 रुपये की कटी। दो घंटे बाद उसके फोन पर 4349 रुपये अतिरिक्त कटने का मैसेज भी आया। इसके बाद वह दुकान पर आए और दुकानदार से जानकारी ली लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

प्रार्थी ने आरोप लगाया कि उसने बिना अनुमति के दूसरा लोन किसी और फाइनेंस कंपनी से कराया है और दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल किया है। 19 जून 2023 को एक फाइनेंस कंपनी में गया, वहां से उसका दूसरा लोन किया था। ब्रांच मैनेजर ने बताया कि उसने एक फोन किसी दूसरे टेलीकॉम कम्यूनिकेशन से फाइनेंस कराया है। ब्रांच मैनेजर ने जब दस्तावेज दिखाए तो उसके दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ हुई थी। पीड़ित के आधार कार्ड पर किसी और का फोटो लगाकर लोन कराया गया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत गंगनहर कोतवाली और एसएसपी हरिद्वार से भी की। मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने पर उसने कोर्ट का सहारा लिया। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पड़ोसियों ने तोड़ी मुर्गे की टांग ! न्याय दिलाने के लिए एसएसपी कार्यालय पहुंची महिला, चौकी में नहीं हुई थी सुनवाई

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जो अपने आप में काफी सुर्खियां बटोर रहा है। दरअसल, यह मामला मुर्गे की टांग तोड़ने को लेकर है इसमें एक महिला ने बाजपुर से आकर एसएसपी ऑफिस में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस कार्यालय में पीड़ित महिला की तहरीर सम्बंधित थाने को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दी है।

दरअसल, बाजपुर निवासी मझरा खुशहालपुर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि पूर्व की तरह उसके पलेरू मुर्गे की टांग बीती 16 अगस्त 2024 को पड़ोसी श्याम सिंह ने तोड़ दी। वहीं इसका विरोध



करने पर श्याम सिंह सहित उसके पूरे परिवार ने गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दी। इन सभी लोगों ने मिलकर महिला की लाठी, डंडों व लात घूसों से जमकर मारपीट कर दी। इस घटना में किसी तरह जान बचाते हुए महिला बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी पहुंची। जहां पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। इसके चलते मजबूरन पीड़ित महिला को बाजपुर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के कार्यालय पहुंचना पड़ा। इस दौरान एसएसपी ऑफिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर सम्बंधित थाने की पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

वहीं इस मामले में एसपी मनोज कत्याल ने जानकारी दी है कि बाजपुर के बन्नाखेड़ा चौकी का मामला सामने आया है। इसमें एक महिला के मुर्गे की टांग तोड़ने के साथ-साथ मारपीट का आरोप भी लगा है। फिलहाल पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है। इसके अतिरिक्त सही तथ्य सामने आने पर ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT.

TrafikSol® The Soul of Traffic Safety

# TRAFIKSOL ITS TECHNOLOGIES LIMITED

Please scan this QR code to view the RHP

**(Formerly known as Trafiksol ITS Technologies Private Limited)**
**Corporate Identity Numbers: U72900UP2018PLC101608**

Our Company was originally incorporated on March 05, 2018, as a private limited Company under the name and style of Trafiksol ITS Technologies Private Limited under the provisions of Companies Act, 2013 with the Registrar of Companies, Kanpur Uttar-Pradesh bearing Registration No. 101608. Thereafter, our Company was converted from private limited to public limited and the name of our Company was changed from "Trafiksol ITS Technologies Private Limited" to "Trafiksol ITS Technologies Limited" vide fresh certificate of incorporation dated May 18, 2024 issued by the Central Processing Centre, Gurgaon, Haryana. The Corporate Identification Number of our Company is U72900UP2018PLC101608.

**Registered Office:** 2nd Floor, B 68, Sector 63, Noida, Gautam Buddha Nagar, Noida 201 301, Uttar Pradesh, India.
**Tel No:** +91 120 4149514 | **E-mail:** info@trafiksol.com | **Website:** www.trafiksol.com
**Company Secretary and Compliance Officer:** Dipak Kumar Pandey

## THE PROMOTERS OF OUR COMPANY ARE JITENDRA NARAYAN DAS AND POONAM DAS

"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF BSE LIMITED (BSE SME)."

## THE ISSUE

**INITIAL PUBLIC OFFER OF 64,10,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF TRAFIKSOL ITS TECHNOLOGIES LIMITED ("OUR COMPANY" OR "TRAFIKSOL" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹[●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹[●] LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 3,22,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹[●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹[●] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 60,88,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹[●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹[●] LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.34% AND 25.02% RESPECTIVELY OF THE POST - ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

| ALLOCATION OF THE ISSUE | |
|---|---|
| QIB PORTION (EXCLUDING ANCHOR INVESTOR) | NOT MORE THAN 12,18,000 EQUITY SHARES |
| ANCHOR INVESTOR PORTION | NOT MORE THAN 18,22,000 EQUITY SHARES |
| RETAIL PORTION | NOT LESS THAN 21,34,000 EQUITY SHARES |
| NON-INSTITUTIONAL PORTION | NOT LESS THAN 9,14,000 EQUITY SHARES |
| MARKET MAKER PORTION | 3,22,000 EQUITY SHARES |

## PRICE BAND: ₹ 66/- to ₹ 70/- PER EQUITY SHARE

**THE FLOOR PRICE IS 6.6 TIMES THE FACE VALUE AND CAP PRICE IS 7.0 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. BIDS CAN BE MADE FOR A MINIMUM OF 2,000 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 2,000 EQUITY SHARES THEREAFTER. THIS ISSUE IS BEING MADE THROUGH BOOK BUILDING PROCESS, IN TERMS OF CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018 (THE "SEBI (ICDR) REGULATIONS"), AS AMENDED READ WITH RULE 19(2)(B) OF SECURITIES CONTRACTS (REGULATION) RULES, 1957, AS AMENDED. FOR FURTHER DETAILS, PLEASE REFER TO THE CHAPTER TITLED "ISSUE PROCEDURE" BEGINNING ON PAGE 237 OF THE RED HERRING PROSPECTUS. A COPY OF THE RED HERRING PROSPECTUS IS BE DELIVERED FOR REGISTRATION TO THE REGISTRAR OF COMPANIES, KANPUR UTTAR-PRADESH AS REQUIRED UNDER SECTION 26 AND 32 OF THE COMPANIES ACT, 2013.**

| BID/ ISSUE PROGRAMME | |
|---|---|
| | ANCHOR BID OPENS ON MONDAY, SEPTEMBER 9, 2024 |
| | OPENS ON: TUESDAY, SEPTEMBER 10, 2024 |
| | CLOSES ON: THURSDAY, SEPTEMBER 12, 2024 |

| ASBA* | Simple, Safe, Smart way of Application- Make use of it!!! | *Application Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account, investors can avail the same. For further details check the section on ASBA below. | Mandatory in Public Issues from January 01, 2016. No cheque will be accepted. | UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE | **UPI – Now mandatory in ASBA for Retail Investors applying through Registered Brokers, DPs & RTAs. Retail Investors also have the options to submit the application directly to the ASBA Bank (SCSBs) or to use the facility of linked online trading, demat and bank account. ** Investors are required to ensure that the Bank Account used for applying is linked to their PAN.** |
|---|---|---|---|---|---|

**ASBA has to be availed by all the investors except Anchor Investors (if any). UPI may be availed by RIIs.*

*For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in ASBA Form and abridged prospectus and also please refer to the section "Issue Procedure" beginning on page 237 of the Red Herring Prospectus. The process is also available on the website of SEBI and Stock Exchanges in the General information Document. ASBA Forms can be downloaded from the website of BSE Limited "Stock Exchange") and can be obtained from the list of banks that is displaying on website of SEBI at www.sebi.gov.in.*

*** List of banks supporting UPI is also available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. For the list of UPI Apps and Banks live on IPO, please refer to the link: www.sebi.gov.in. ICICI Bank Limited has been appointed as Sponsor Bank for the Issue in accordance with the requirements of the SEBI Circular dated November 1, 2018, as amended.*

**In terms of SEBI Circular No. CIR/CFD/POLICYCELL/11/2015 dated November 10, 2015 and the SEBI (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018, all the investors (except Anchor Investors) applying in a public issue shall use only Application Supported by Blocked Amount (ASBA) process for application providing details of the bank account which will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks (SCSBs) for the same. Further, pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2018/138 dated November 01, 2018, Retail Individual Investors applying in public issue may use either Application Supported by Blocked Amount (ASBA) facility for making application or also can use UPI as a payment mechanism with Application Supported by Blocked Amount for making application. For details in this regards, specific attention is invited to the chapter titled "Issue Procedure" beginning on page 237 of this Red Herring Prospectus.**

### RISKS TO INVESTORS

1. **We have certain outstanding litigation against us, an adverse outcome of which may adversely affect our** business, reputation and results of operations.
2. In the past, we have not adhered to certain statutory time lines and have been subjected to penalty. Any such events in future may require the statutory authorities to take action against us in which event we may be drawn into litigation.
3. One of our Directors and Promoter, Jitendra Narayan Das was disqualified under section 164 of the Companies Act, 2013, in the past for being director of M/s. Reverie Technologies Pvt. Ltd., and M/s. Easedata Solutions Pvt. Ltd. which failed to file its Annual returns and Financial statements for a continuous period of 3 years.
4. Our Company had negative cash flows in the past years, details of which are given below. Sustained negative cash flow could impact our growth and business.

| Standalone Basis | Year ended March 31 | | |
|---|---|---|---|
| | 2024 | 2023 | 2022 |
| Net cash generated from/ (used in) operating activities. | (1,134.02) | 261.48 | (14.45) |
| Net cash generated from/ (used in) investing activities. | 10.61 | (230.13) | 1.90 |
| Net cash generated from/ (used in) financing activities. | 1072.95 | 57.10 | 39.88 |

5. In the past, there have been certain discrepancies with respect to the appointment of our statutory auditors. Although we have not been issued with any statutory notice in respect of such discrepancies, by the concerned authority, we are not sure that any such action shall not be taken against us in future and in any such event we may be subjected to penalties.
6. We are dependent on our ability to develop new services and products and enhance our existing services and products. If our products and services do not gain market acceptance, our operating results may be negatively affected.
7. Our business is substantially dependent on road projects in India undertaken or awarded by governmental authorities and other entities funded by the Government of India or State Governments and we derive almost all of our revenues from contracts with a limited number of government entities. Any adverse changes in the Central or State Government policies may lead to our contracts being foreclosed, terminated, restructured or renegotiated.
8. There are certain discrepancies and non-compliances noticed in some of our financial reporting and/or records relating to consolidation of financial statements of our associate company. Although we have not been issued with respect to same in this regard, we are not sure that any penal action shall not be taken against us.
9. Our failure to perform in accordance with the standards prescribed in work order of our client could result in loss of business or compensation payment.
10. Our work premises from where we operate is not owned by us.

### BASIS FOR ISSUE PRICE

The Price Band and Issue Price shall be determined by our Company in consultation with the Book Running Book Running Lead Manager on the basis of the assessment of market demand for the Equity Shares through the Book Building Process and on the basis of the qualitative and quantitative factors as described in this section. The face value of the Equity Shares is ₹10/- each and the Issue Price is 6.6 times of the face value at the lower end of the Price Band and 7.0 times of the face value at the upper end of the Price Band.

**1. Basic and Diluted Earnings / (Loss) Per Share ("EPS"), as adjusted for changes in capital.**

***As per Restated Consolidated Financial Statements – Post Bonus***

| Particulars | Basic & Diluted EPS (in ₹) | Weights |
|---|---|---|
| March 31, 2024 | 6.77 | 3 |
| March 31, 2023 | 2.68 | 2 |
| March 31, 2022 | 1.15 | 1 |
| **Weighted Average EPS** | **4.47** | |

**Note:** Company has the equity of shares of face value Rs.10/- each and during the year company has issued Bonus equity shares in the ratio of 149:1.

***As per Restated Consolidated Financial Statements – Pre-Bonus***

| Particulars | Basic & Diluted EPS (in ₹) | Weights |
|---|---|---|
| March 31, 2024 | 6.77 | 3 |
| March 31, 2023 | 477.85 | 2 |
| March 31, 2022 | 205.19 | 1 |
| **Weighted Average EPS** | **196.87** | |

***As per Restated Standalone Financial Statements – Post-Bonus***

| Particulars | Basic & Diluted EPS (in ₹) | Weights |
|---|---|---|
| March 31, 2024 | 6.73 | 3 |
| March 31, 2023 | 2.64 | 2 |
| March 31, 2022 | 1.18 | 1 |
| **Weighted Average EPS** | **4.44** | |

**Note:** Company has the equity of shares of face value Rs.10/- each and during the year company has issued Bonus equity shares in the ratio of 149:1.

***As per Restated Standalone Financial Statements – Pre-Bonus***

| Particulars | Basic & Diluted EPS (in ₹) | Weights |
|---|---|---|
| March 31, 2024 | 6.73 | 3 |
| March 31, 2023 | 471.05 | 2 |
| March 31, 2022 | 210.31 | 1 |
| **Weighted Average EPS** | **195.43** | |

**Notes:**

1. *The figures disclosed above are based on the Restated Financial Statements of the Company.*
2. *Company has the equity shares face value of ₹10/- each and issued Bonus equity shares in the FY 23-24 in the ratio of 149:1.*
3. *Weighted average = Aggregate of year-wise weighted EPS divided by the aggregate of weights i.e. (EPS x Weight) for each year/Total of weights.*
4. *Earnings per Share has been calculated in accordance with AS 20 – "Earnings per Share" issued by the Institute of Chartered Accountants of India.*
5. *The above statement should be read with Significant Accounting Policies and the Notes to the Restated Financial Statements as appearing in Annexure IV.*
6. *Basic Earnings per Share = Net Profit/(Loss) after tax, as restated attributable to equity shareholders / Weighted average number of equity shares outstanding during the year/ period.*
7. *Diluted Earnings per Share = Net Profit/(Loss) after tax, as restated attributable to equity shareholders / Weighted average number of diluted potential equity shares outstanding during the year/ period.*

**2. Price Earnings Ratio ("P/E") in relation to Price Band of ₹ 66 to ₹ 70 per Equity Share:**

***As per Restated Consolidated Financial Statements***

| Particulars | (P/E) Ratio at the Floor Price (no. of times) | (P/E) Ratio at the Cap Price (no. of times) |
|---|---|---|
| **Based on Restated Financial Statements** | | |
| P/E ratio based on the Basic & Diluted EPS, as restated for FY 2023-24 | 9.75 | 10.34 |
| P/E ratio based on the Weighted Average Basic & Diluted EPS for FY 2022-23 | 24.63 | 26.12 |

***Note:*** *P/E ratio has been computed dividing the price per share by Earnings per Equity Share.*

***As per Restated Standalone Financial Statements***

| Particulars | (P/E) Ratio at the Floor Price (no. of times) | (P/E) Ratio at the Cap Price (no. of times) |
|---|---|---|
| **Based on Restated Financial Statements** | | |
| P/E ratio based on the Basic & Diluted EPS, as restated for FY 2023-24 | 9.81 | 10.40 |
| P/E ratio based on the Weighted Average Basic & Diluted EPS for FY 2022-23 | 25.00 | 26.52 |

***Note:*** *P/E ratio has been computed dividing the price per share by Earnings per Equity Share.*

**3. Comparison of accounting ratios with listed Industry peers**

As on date of the Red Herring Prospectus, our Company has no peer company that is listed on any of the stock exchanges of India.

**4. Return on Net worth (RoNW).**

***As per Restated Consolidated Financial Statements***

| Particulars | RONW (%) | Weights |
|---|---|---|
| March 31, 2024 | 35.44% | 3 |
| March 31, 2023 | 39.53% | 2 |
| March 31, 2022 | 28.07% | 1 |
| **Weighted Average** | **35.58%** | |

***As per Restated Standalone Financial Statements***

| Particulars | RONW (%) | Weights |
|---|---|---|
| March 31, 2024 | 35.30% | 3 |
| March 31, 2023 | 39.03% | 2 |
| March 31, 2022 | 28.58% | 1 |
| **Weighted Average** | **35.42%** | |

***Note:***

1. *Return on Net Worth (%) = Profit for the period/ year / Net Worth at the end of the period/year.*
2. *Net worth is computed as the sum of the aggregate of paid-up equity share capital, all reserves created out of the profits, securities premium account received in respect of equity shares and debit or credit balance of profit and loss account. It may be noted that equity component of financial instruments is excluded while calculating Net worth of the Company.*

**5. Net Asset Value (NAV) per Equity Share (Face Value of ₹10 each).**

***As per Restated Financial Statements – Post-Bonus***

| Financial Year | Standalone (in ₹) | Consolidated (in ₹) |
|---|---|---|
| March 31,2024 | 19.05 | 19.11 |
| March 31,2023 | 6.76 | 6.77 |
| March 31,2022 | 4.12 | 4.10 |
| Net Asset Value per Equity Share after the Issue at Floor Price | 31.37 | 31.41 |
| Net Asset Value per Equity Share after the Issue at Cap Price | 32.42 | 32.46 |
| Issue Price* | [●] | [●] |

***Issue Price shall be updated in the Prospectus prior to opening the Issue.**

***Notes:***

1. *Net Asset Value per Equity Share (in ₹) = Net Worth at the end of the period/year / Weighted number of equity shares outstanding at the end of the period / year.*
2. *Issue Price per Equity Share will be determined on conclusion of the Book Building Process.*

**6. Key Performance Indicators ("KPIs")**

The KPIs disclosed below have been used historically by our Company to understand and analyse the business performance, which in result, help us in analyzing the growth of various verticals in comparison to our peers. The KPIs disclosed below have been approved by a resolution of our Audit Committee dated May 20, 2024 and the members of the Audit Committee have verified the details of all KPIs pertaining to our Company. Further, the members of the Audit Committee have confirmed that there are no KPIs pertaining to our Company that have been disclosed to any investors at any point of time during the three years period prior to the date of filing of the Red Herring Prospectus. Further, the KPIs herein have been certified by Peer review Auditors by their certificate dated May 20, 2024.

The KPIs of our Company have been disclosed in the chapters titled "Business Overview" and "Management's Discussion and Analysis of Financial Condition and Results of Operations" beginning on pages 120 and 188 of the Red Herring Prospectus, respectively. We have described and defined the KPIs, as applicable, in *"Definitions and Abbreviations"* beginning on pages 1 of the Red Herring Prospectus.

Our Company confirms that it shall continue to disclose all the KPIs included in this section on a periodic basis, at least once in a year (or any lesser period as determined by the Board of our Company), for a duration of one year after the date of listing of the Equity Shares on the Stock Exchange or till the complete utilization of the proceeds of the Issue as per the disclosure made in the chapter titled "Objects of the Issue" beginning on page 84 of the Red Herring Prospectus, whichever is later or for such other duration as may be required under the SEBI ICDR Regulations. Further, the ongoing KPIs will continue to be certified by a member of an expert body as required under the SEBI ICDR Regulations.

**a) Key Performance Indicators of our Company* (Consolidated)**

*(₹ in Lakhs)*

| Key Financial Performance | For the year ended March 31 | | |
|---|---|---|---|
| | 2024 | 2023 | 2022 |
| Revenue from Operations (1) | 6581.12 | 3629.59 | 2791.21 |
| EBITDA (2) | 1778.35 | 501.96 | 247.41 |
| EBITDA Margin (%) (3) | 27.02% | 13.83% | 8.86% |
| PAT | 1209.30 | 477.85 | 205.19 |
| PAT Margin (%) (4) | 18.38% | 13.17% | 7.35% |
| Return on equity (%) (5) | 52.33% | 49.27% | 32.66% |
| Return on capital employed (%) (6) | 26.23% | 30.71% | 21.08% |
| Debt-Equity Ratio (times) (7) | 0.31 | 0.66 | 0.69 |
| Net fixed asset turnover ratio (times) (8) | 26.71 | 27.01 | 116.72 |
| Current Ratio (times) (9) | 3.00 | 1.91 | 1.98 |

**As certified by Vijay Darji and Associates, Chartered Accountants, by way of their certificate dated May 20,2024.*

**b) Key Performance Indicators of our Company* (Standalone)**

*(₹ in Lakhs)*

| Key Financial Performance | For the year ended March 31 | | |
|---|---|---|---|
| | 2024 | 2023 | 2022 |
| Revenue from Operations (1) | 6581.12 | 3629.59 | 2791.21 |
| EBITDA (2) | 1770.35 | 495.16 | 252.52 |
| EBITDA Margin (%) (3) | 26.90% | 13.64% | 9.05% |
| PAT | 1201.30 | 471.05 | 210.31 |
| PAT Margin (%) (4) | 18.25% | 12.98% | 7.53% |
| Return on equity (%) (5) | 52.12% | 48.49% | 33.34% |
| Return on capital employed (%) (6) | 42.47% | 30.66% | 21.54% |
| Debt-Equity Ratio (times) (7) | 0.31 | 0.66 | 0.69 |
| Net fixed asset turnover ratio (times) (8) | 26.71 | 27.01 | 116.72 |
| Current Ratio (times) (9) | 3.00 | 1.91 | 1.98 |

**As certified by Vijay Darji and Associates, Chartered Accountants, by way of their certificate dated 20th May,2024.*

***Notes:***

1. *Revenue from Operations is used by our management to track the revenue profile of the business and in turn helps to assess the overall financial performance of our Company and volume of our business.*
2. *EBITDA provides information regarding the operational efficiency of the business.*
3. *EBITDA Margin (%) is an indicator of the operational profitability and financial performance of our business.*
4. *PAT Margin (%) is an indicator of the overall profitability and financial performance of the business.*
5. *Return on equity (ROE) is a measure of financial performance.*
6. *Return on capital employed is a financial ratio that measures our company's profitability in terms of all of its capital.*
7. *Debt / Equity Ratio is used to measure the financial leverage of the Company and provides comparison benchmark against peers.*
8. *Net fixed asset turnover ratio measures the efficiency of the company's assets in generating revenue or sales.*
9. *The current ratio measures the capability of a business to meet its short-term obligations that are due within a year.*

### DETAILS OF PROMOTERS' CONTRIBUTION AND LOCK-IN DETAILS

**Details of Promoters' Contribution and Lock-in for Three Years**

Pursuant to Regulation 236 and 238 of SEBI (ICDR) Regulations, 2018, an aggregate of 20% of the post issue capital held by our Promoter, shall be considered as Promoter's Contribution (**"Promoter's Contribution"**) and shall be locked-in for a period of three years from the date of allotment of Equity shares issued pursuant to this Issue. The lock-in of Promoter's Contribution would be created as per applicable law and procedure and details of the same shall also be provided to the Stock Exchange before listing of the Equity Shares. As on the date of the Red Herring Prospectus, our Promoters holds 1,08,82,835 Equity Shares constituting 44.72% of the post-issued, subscribed and paid-up Equity Share Capital of our Company, which are eligible for the Promoter's contribution.

Our Promoters have given written consent to include such number of Equity Shares held by them as may constitute of the post issue Equity Share capital of our Company as Promoters' Contribution and have agreed not to sell or transfer or pledge or otherwise dispose of in any manner, the Promoters' Contribution from the date of filing of this Red Herring Prospectus until the commencement of the lock-in period specified below.

(Continued next page...)

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात: किरण

# दिल्ली/नोएडा

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरुवार, 05 सितम्बर, 2024


(Continued from previous page...)

Details of the Equity Shares forming part of Promoters Contribution and their lock-in details are as follows:

| Name of Promoters | Date of Allotment / Acquisition & when made fully paid up | No of Equity shares | No of Equity shares locked in | Face Value (₹) | Issue Price (₹) | Nature of Allotment | % Of Pre-Issue Paid-up Capital | % Of Post-Issue Paid-up Capital | Lock-in Period* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Poonam Das | January 15, 2024 | 96,76,650 | 41,00,000 | 10/- | NA | Bonus Issue | 22.87% | 16.85% | 3 Years |
| Jitendra Narayan Das | January 15, 2024 | 12,06,185 | 9,00,000 | 10/- | NA | Bonus Issue | 5.02% | 3.70% | 3 Years |
| **Total** | | **1,08,82,835** | **50,00,000** | | | | **27.89%** | **20.55%** | |

In case of any revision in the Price Band, the Bid/Issue Period shall be extended for at least three additional Working Days after such revision of the Price Band, subject to the total Bid/Issue Period not exceeding 10 Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar circumstances, our Company, for reasons to be recorded in writing extend the Bid/Issue Period for a minimum of three Working Days, subject to the Bid/Issue Period not exceeding 10 Working Days. Any revision in the Price Band, and the revised Bid/Issue Period, if applicable, shall be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges by issuing a press release and also by indicating the change on the website of the BRLM and at the terminals of the Members of the Syndicate and by intimation to Designated Intermediaries and Sponsor Bank.

The Issue is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended (**"SCRR"**) read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, as amended, wherein not more than 50% of the Net Issue shall be allocated on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers (**"QIBs", the "QIB Portion"**), provided that our Company may, in consultation with the Book Running Lead Managers, allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations (**"Anchor Investor Portion"**), of which one-third shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds at or above the Anchor Investor Allocation Price. In the event of under-subscription, or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the Net QIB Portion. Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis only to Mutual Funds, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Issue shall be available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) are required to mandatorily utilize the Application Supported by Blocked Amount (**"ASBA"**) process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of RIBs using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see ***"Issue Procedure"*** beginning on page 237 of the Red Herring Prospectus.

**PROPOSED LISTING:** The Equity Shares issued through the Red Herring Prospectus are proposed to be listed on the SME Platform BSE Limited. Our Company has received an 'in principle' approval letter dated August 26, 2024 from BSE Limited for using its name in this offer document for listing our shares on the SME Platform BSE Limited. For the purpose of this Issue, the Designated Stock Exchange will be BSE Limited.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI"):** Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, the Offer Document was not filed with SEBI. In terms of the SEBI ICDR Regulations, SEBI shall not Issue any observations on the Offer Document. Hence, there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However, investors may refer to the entire ***"Disclaimer Clause of SEBI"*** on page 214 of the Red Herring Prospectus.

**DISCLAIMER CLAUSE OF THE SME PLATFORM OF BSE LIMITED:** "It is to be distinctly understood that the permission given by BSE Limited ("BSE") should not in any way be deemed or construed that the contents of the Prospectus or the price at which the equity shares are offered has been cleared, solicited or approved by BSE, nor does it certify the correctness, accuracy or completeness of any of the contents of the Prospectus. The investors are advised to refer to the Prospectus for the full text of the Disclaimer clause pertaining to BSE".

The investors are advised to refer to the Offer Documents for the full text of the ***"Disclaimer Clause of the SME Platform of BSE Limited"*** on page 216 of the Red Herring Prospectus.

**RISK IN RELATION TO THE FIRST ISSUE:** The face value of the Equity Shares is ₹10 each. The Floor Price, Cap Price and Issue Price determined by our Company, in consultation with the Book Running Lead Manager, on the basis of the assessment of market demand for the Equity Shares by way of the Book Building Process, as stated under "Basis for Issue Price" beginning on page 99 should not be considered to be indicative of the market price of the Equity Shares after the Equity Shares are listed. No assurance can be given regarding an active or sustained trading in the Equity Shares nor regarding the price at which the Equity Shares will be traded after listing.

**GENERAL RISKS:** Investments in Equity and Equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Issue unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Issue including the risks involved. The Equity Shares issued in the Issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to the section "Risk Factors" beginning on page 27 of the Red Herring Prospectus.

**CREDIT RATING:** As this is an issue of Equity Shares, there is no credit rating for this Issue.

**DEBENTURE TRUSTEES:** This being the issue of Equity Shares, the appointment of Trustees is not required.

**IPO GRADING:** Since the issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 there is no requirement of appointing an IPO Grading agency.

**BASIS FOR ISSUE PRICE:** The Issue Price is determined by the Company in consultation with the Book Runing Lead Managers. The financial data presented in section "Basis for Issue Price" on page no. 99 of the Red Herring Prospectus are based on Company's Restated Financial Statements. Investors should also refer to the section titled "Risk factors" and chapters titled "Restated Financial Statements", "Management's Discussion and Analysis of Financial Condition and Results of Operations" and "Business overview" beginning on page no. 27, 178, 188 and 120 respectively, of the Red Herring Prospectus to get a more informed view before making any investment decisions.

**ADDITIONAL INFORMATION AS REQUIRED UNDER SECTION 30 OF THE COMPANIES ACT, 2013**

**CONTENTS OF THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF OUR COMPANY AS REGARDS ITS OBJECTS:** For information on the main objects and other objects of our Company, see "History and Corporate Structure" on page 142 of the Red Herring Prospectus. The Memorandum of Association of our Company is a material document for inspection in relation to the Issue. For further details, see the section "Material Contracts and Documents for Inspection" on page 302 of the Red Herring Prospectus.

**LIABILITY OF MEMBERS OF THE COMPANY:** Limited by shares.

**AMOUNT OF SHARE CAPITAL OF THE COMPANY AND CAPITAL STRUCTURE:** The Authorised share capital of the Company is ₹ 25,00,00,000 /- divided into 2,50,00,000 Equity Shares of ₹ 10/- each, the issued, subscribed, and paid-up share capital of the Company before the Issue is ₹17,92,50,000 /- divided into 1,79,25,000 Equity Shares of ₹10/- each. For details of the Capital Structure, see chapter titled "Capital Structure" beginning on page 55 of the Red Herring Prospectus.

**NAMES OF THE SIGNATORIES TO THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AND THE NUMBER OF EQUITY SHARES SUBSCRIBED BY THEM:** Given below are the names of the signatories of the Memorandum of Association of the Company and the number of Equity Shares subscribed by them at the time of signing of the Memorandum of Association of our Company:

Praveen Kumar Dubey- 2000 Equity Shares and Indira Kammila- 2000 Equity Shares, aggregating to 4000 Equity Shares of ₹10/- each. Post inception the company registered itself under the "Startup India Scheme" in the year 2019 with the Government of India. For further details of our promoter please refer the chapter titled "Our Promoters and Promoter Group" beginning on page 169 of the Red Herring Prospectus

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE |
|---|---|
| **EKADRISHT CAPITAL PRIVATE LIMITED**<br>406, The Summit Business Bay, Chakala, Andheri Kurla Road, Andheri East, Chakala MIDC, Mumbai, 400 093, Maharashtra, India.<br>**Tel. No.:** +91 89286 31037 \| Email: info@ekadrisht.com<br>**Investor Grievance Email:** grievances@ekadrisht.com<br>**Website:** www.ekadrisht.com<br>**Contact Person:** Krunal Pipalia /Sakshi Manhas<br>**Designation:** Vice President /Company Secretary & Compliance Officer<br>**SEBI Registration Number:** INM000013040<br>**CIN No:** U66190MH2023PTC401863 | **MAASHITLA SECURITIES PRIVATE LIMITED**<br>451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi 110 034, India. \| **Telephone:** 011 4512 1795<br>**Email:** ipo@maashitla.com<br>**Investor Grievance e-mail:** investor.ipo@maashitla.com<br>**Website:** www.maashitla.com<br>**Contact Person:** Mukul Agarwal<br>**Designation:** Director<br>**SEBI Registration Number:** INR000004370<br>**CIN No:** U67100DL2010PTC208725 |

**COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER**

**Dipak Kumar Pandey**
**C/o.:** Trafiksol ITS Technologies Limited;
**Address:** 2nd Floor, B 68, Sector 63, Noida, Gautam Buddha Nagar, Noida 201 301, Uttar Pradesh, India
**Telephone:** +91- 120 4149514 | **Web site:** www.trafiksol.com | **E-Mail:** cs@trafiksol.com

Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer, the BRLM or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post-Issue related problems, such as non-receipt of letters of allotment, non-credit of allotted equity shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders and non-receipt of funds by electronic mode.

**AVAILABILITY OF RED HERRING PROSPECTUS:** Investors are advised to refer to the Red Herring Prospectus and the Risk Factors contained therein before applying in the Issue. Full copy of the Red Herring Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Book Running Lead Managers to the Issue at www.ekadrisht.com, website of company at www.trafiksol.com and websites of stock exchange at www.bseindia.com.

**AVAILABILITY OF BID-CUM-APPLICATION FORMS:** Bid-Cum-Application forms can be obtained from the Registered Office of the Company: Trafiksol ITS Technologies Limited (Telephone: +91 120 4149514) Book Running Lead Managers: Ekadrisht Capital Private Limited (Telephone: +91 89286 31037). Bid-cum-application Forms will also be available on the website of BSE (www.bseindia.com) and the designated branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchange and SEBI.

**APPLICATIONS SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT (ASBA):** The investors are required to fill the application form and submit the same to the relevant SCSBs at the specific locations or registered brokers at the broker centers or RTA or DP's. The SCSB's will block the amount in the account as per the authority contained in application form. On allotment, amount will be unblocked and account will be debited only to the extent required to be paid for allotment of shares. Hence, there will be no need of refund. For more details on the ASBA process, please refer to the details given in application forms and Red Herring Prospectus and also please refer to the chapter titled "Issue Procedure" on page 237 of the Red Herring Prospectus.

**APPLICATION SUPPORTED WITH UNIFIED PAYMENTS INTERFACE:** Investors are advised to carefully refer SEBI Circular SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2018/138 dated November 01, 2018 and as modified through its SEBI circular (SEBI/HO/CFD/ DIL2/CIR/P/2019/50) dated April 3, 2019, SEBI circular (SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2019/76) dated June 28, 2019, SEBI circular no. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2019/85 dated July 26, 2019, SEBI Circular SEBI/HO/CFD/DCR2/CIR/P/2019/133 dated November 08, 2019, SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2020/50 dated March 30, 2020, SEBI circular no. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2021/2480/1/M dated March 16, 2021, SEBI circular no. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2021/47 dated March 31, 2021, SEBI Circular no. SEBI/HO/CFD/DIL2/P/CIR/2021/570 dated June 2, 2021, SEBI Circular no. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2022/45 dated April 5, 2022 and SEBI Circular no. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2022/51 dated April 20, 2022 and any subsequent circulars or notifications issued by SEBI in this regard for the procedure to be followed for applying through UPI. Retail Individual Investor have to apply through UPI Mechanism. Retail Individual Investor whose bank is not live on UPI as on date of this circular, may use the other alternate channels available to them viz. Submission of application form with SCSBs/ using the facility linked online trading, demat and bank account list. For further details, please refer the chapter titled "Issue Procedure" beginning on page 237 of the Red Herring Prospectus.

**Sponsor Bank to the Issue:** ICICI Bank Limited

**Banker to the Issue, Escrow Collection Bank and Refund Banker:** ICICI Bank Limited

**Investor should read the Red Herring Prospectus carefully, including the "Risk Factors" beginning on page 27 of the Red Herring Prospectus before making any investment decision.**

**All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.**

**For TRAFIKSOL ITS TECHNOLOGIES LIMITED**
**On Behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Poonam Das**
**Whole-Time Director**

**Place:** Noida
**Date:** September 5, 2024

**Trafiksol ITS Technologies Limited** is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus with Registrar of Companies, Kanpur Uttar-Pradesh, on September 4, 2024, BRLMs to the Issue at www.ekadrisht.com, website of company at www.trafiksol.com and websites of BSE i.e. www.bseindia.com respectively. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see section titled "Risk Factors" beginning on page 27 of the Red Herring Prospectus. Potential investors should not rely on the Red Herring Prospectus for making any investment decision.

The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and any applicable U.S. state securities laws. There will be no public offering in the United States and the securities being offered in this announcement are not being offered or sold in the United States.

AdBaaz


## मिलन विहार में दिव्यांग लोगों के लिए लगाया गया जांच शिविर : आदेश भारद्वाज



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

विगत लगभग 20 वर्षो से 108 बेसहारा बुजुर्गो को गोद लेकर उनकी देखभाल करती आ रही सामाजिक संस्था हेरिटेज इंडिया ने हमेशा की तरह ही मानवीय पहल करते हुए बुराड़ी विधानसभा के मिलन विहार में दिव्यांग लोगों के लिए एक जांच शिविर लगवाया। इस शिविर में विभिन्न रोगों और शारीरिक अक्षमताओं की जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। इस शिविर में जांच के बाद लगभग 250 से ज्यादा दिव्यांगों को चिन्हित कर अलग अलग तरह की मदद मिलेगी जिसमे से किसी को सुनने की मशीन, किसी को कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर या बैसाखी, कृत्रिम आंख और नेत्रहीनों के लिए हाथ की छड़ी चश्मे जैसे जरूरी यंत्र या उनसे जुड़ी दूसरी अन्य चीजे उपलब्ध कराई जाएंगी। संस्था के अध्यक्ष एस एन दुबे और संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार आदेश भारद्वाज ने बताया कि हमारी यह संस्था एक लंबे समय से 108 बेसहारा बुजुर्गों को गोद लेकर उनके आश्रय से लेकर उनके भोजन, दवाएं और कपड़ों का इंतजाम करती आ रही है। हमे कई जरूरतमंद और अन्य लोगों द्वारा कुछ गरीब और मजबूर दिव्यांग लोगों के लिए कृत्रिम अंग और उनके जीवन को सरल बना देने वाली कुछ जरूरी चीजे को उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया था। लेकिन जब हमने इसका खाका तैयार किया तो हमें सर्वप्रथम यह महसूस हुआ कि सबसे पहले उन दिव्यांगों की जांच जरूरी है कि अगर किसी को कृत्रिम हाथ, पैर या कोई और कृत्रिम अंग चाहिए तो वह किस साइज का हो, दाएं हाथ या पैर या फिर बाएं। इसके लिए पहले हमने जांच शिविर का आयोजन कर ऐसे लोगों को चिन्हित किया। जिस कार्य में हमे डॉ रणबीर सिंह, डॉ सअनीता गुप्ता, डॉ नैन्सी जुनेजा, डॉ कपिल कुमार, एस के पांडे, चंचल केन, ब्रिज पाल सिंह, शिवम पांडे, एडवोकेट वीरेंद्र गिल जी जैसे लोगो का बेहतरीन सहयोग मिला और इनके अथक प्रयासों यह कार्य हमारे लिए ज्यादा सुगम हो सका। और अब बहुत जी जल्द सभी जरूरतमंद दिव्यांगों को उनके अंग प्रदान कर दिए जायेंगे। और यही नही आगे भी हमारी यह संस्था समाज कल्याण के किसी भी कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सदैव तैयार रहेगी।

## दूषित जलापूर्ति के विरोध में प्रदर्शन किया : मुकेश बंसल


नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

कर्दमपुरी वार्ड के निगम पार्षद मुकेश बंसल ने बताया की दिल्ली की जनता को मिल रहे गंदे पानी के खिलाफ व एक तरफ तो दिल्ली सरकार मुफ्त बिजली देने का दावा करती है वही दूसरी तरफ झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले रिक्शा चालकों का बिजली का बिल पांच से सात हजार तक का आ रहा है, और जो सार्वजनिक शौचालय जो की वैसे ही बहुत कम बने हुए है और जो बने हुए है उनकी सही तरह से साफ सफाई नहीं होने को लेकर भाजपा ने पूरी दिल्ली में और मैंने अपनी विधानसभा में जनता के हक के लिए प्रचंड प्रदर्शन किया। मुकेश बंसल ने बताया की उन्होंने गोरख पार्क पीली मिट्टी झुग्गी बस्ती में प्रदर्शन किया जहां उनके साथ जिले के महामंत्री दुष्यंत वर्मा भी मौजूद थे। मुकेश बंसल ने बताया की प्रदर्शन में उनके साथ मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, उमा रोहिल्ला, राजा राम, जय प्रकाश, पूनम अग्रवाल व झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले जो पीड़ित है उन्होंने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मुकेश बंसल ने आगे कहा की आम आदमी पार्टी जो अन्याय दिल्ली की जनता के साथ कर रही है उस अन्याय के खिलाफ भाजपा दिल्ली की जनता के साथ पूरी ताकत से खड़ी है।

## बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी के 15 ब्लॉकों में मासिक बैठक का आयोजन

- जुबेर अहमद, जितेन्द्र बघेल हुए बैठकों में शामिल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निर्देश पर बाबरपुर ज़िला के 19 ब्लॉकों में से 15 ब्लॉकों में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष चौधरी जुबैर अहमद ने की और मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी जितेंद्र बघेल, अशोक जैन, पूर्व विधायक वीर सिंह धींगान, भीष्म शर्मा, डेली गेट सैयद नासिर जावेद शामिल हुए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चौधरी जुबैर अहमद ने कांग्रेस कार्यकताओं, नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब एक परिवार की तरह हैं और इसी परिवार ने अपनी मेहनत की बदौलत बाबरपुर ज़िला ने जो पहचान पूरी दिल्ली में बनाई है, उसकी दूसरी मिसाल देखने को नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि चाहे एमसीडी चुनाव 2022, हो या लोकसभा चुनाव 2024 दिल्ली में कांग्रेस को मजबूत करने और इसका वोट प्रतिशत बढ़ाने में बाबरपुर ज़िला कांग्रेस कमेटी के एक एक सिपाही ने अहम भूमिका निभाई है, जिसका सकारात्मक परिणाम हम सभी देख चुके है। जुबैर अहमद ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है और हमें दोगुनी गति से काम करना है। इसीलिए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से हर महीने बैठकें आयोजित करने का निर्देश है। जिसको बाबर पूर ज़िला कांग्रेस कमेटी के लोग एक दूसरे के सहयोग से बखूबी निभा रहे है। बैठक में न सिर्फ कांग्रेस के लोग शामिल हो रहे हैं, बल्कि बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल हो रहे हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विधानसभा चुनाव में बदलाव तय है। वीर सिंह धींगान और डेली गेट सैयद नासिर जावेद ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अब तक जितने भी अभियान या आंदोलन चलाए हैं उनमें आम लोगों की समस्याओं को शामिल किया है और उनके अधिकारों की बात की है। हमारे नेता राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में नफरत फैलाने वालों को बताया कि यह देश सबके सहयोग से चलेगा और इस देश में एक विचारधारा को कभी जगह नहीं मिल सकती। उन्होंने कहा कि सभा में आए लोगों की संख्या इस बात की गवाह है कि एक बार फिर कांग्रेस का युग आ रहा है। बैठक में कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने भी संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख प्रतिभागियों में रियाजुद्दीन राजू, रियासत साहिल, सरताज अहमद, राजकुमार शर्मा, शहजाद खान, हाजी जरीफ, संजय गौड, देव आनन्द. डक्टर जहांगीर, कुलदीप भाटी, मुकेश पांचाल, भारत कौशिक, हरेन्द्र सिंह लकी, मुहम्मद आकुल, नवीन शर्मा, सतीश बेदी, संजय गुप्ता मोहम्मद नदीम, चौधरी अजीत सिंह, जमशेद खान, फैजान कुरैशी, मोहम्मद आमिर, दानिश सैफी, संजीव शर्मा, मयंक चतुर्वेदी, जरार सिद्दीकी, राजेन्द्र प्रधान, नसीम अख्तर, के.एस.कमल, हारून इदरीसी, बाबर खान, वसीम सिद्दीकी, के आलावा बड़ी तादाद मे कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बंगाली समाज द्वारा निकाला गया कैंडल मार्च : वाजपेयी

नई दिल्ली। बंगाली समाज गांधी नगर द्वारा पश्चिम बंगाल की डॉक्टर मौमिता देवनाथ की नृशंस हत्या के विरोध में कैंडल मार्च काली माता मंदिर से झील चौक तक निकाला गया। गांधीनगर के विधायक अनिल बाजपेई ने बताया कि उपस्थित सभी महिलाओं पुरुष एवं बच्चों ने अपने हाथों में कैंडल लेकर एक किलोमीटर से अधिक तक पैदल मार्च किया। सभीं लोग डॉक्टर मौमिता के हत्यारों को फांसी दो फांसी दो व वी वांट जस्टिस पश्चिम बंगाल की सरकार को बर्खास्त बर्खास्त करने की मांग कर रहे थे। अंत में उपस्थित सभी लोगो ने डॉक्टर मौमिता देवनाथ की तस्वीर के सामने कैंडल जलाकर 2 मिनट मौन रखकर श्री प्रभू से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में ऋषि राय, डॉक्टर अरिंदम राय, संजय कुमारदेवाशीष राय, अनिताननना रुद्रा, नैतिक दास, स्त्रीया रुद्रा, नैतिक, मालती कट्टा स्निग्धा, मुस्कान, पिंकी, चानन्ना, मीनू शर्मा कीर्ति गोयल समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दस साल के शासन में आप पार्टी नें कर दिया दिल्ली का बुरा हाल : ईश्वर बागड़ी



नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निदेर्शानुसार गोकुल पुर विधानसभा के जोहरीपुर ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई आयोजन रोशन लाल के निवास कन्हैया विहार चौक जोहरीपुर गाँव में हुई जिसकी अध्यक्षता पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष अली हसन ने की मंच का संचालन शशि केन पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने किया जिसमें ऐनजीओ सहित व अन्य कार्यकर्ता एवं के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। ईश्वर सिंह बागड़ी ने समस्याओं के बारे में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सड़कों की हालत जगह जगह गड्ढे टूटी फूटी नाली सफाई ना होना हर जगह पानी का भरना आज ये हाल है। दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम अधिकारी विधायक एवं निगम पार्षद कहा सोये हुए है इन ग्यारह साल में दिल्ली का बुरा हाल कर दिया आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठन का विस्तार एवं मजबूत कार्य योजना के तहत सभी कार्यकताओं की जिम्मेदारी तय किए जाने पर जोर दिया। बैठक में ईशवर सिंह बागड़ी पूर्व चेयरमैन एन एल निगम, सुमंत मलिक, नरेश पाल भागमल वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता कमरुद्दीन सैफी मिडिया प्रभारी ऋषभ कुमार सुलभ कुमार राम स्वरूप कुंवर पाल आशीष टांक पूर्व वाइस चेयरमैन एससी अजीत टांक नेता प्रमोद जैनत यूवा नेता ज्यानंद झा जाकिर उल हसन आजाद सिद्दीकी रहिसुद्दीन आशु भाई मुन्ना पाल बृज पाल बागडी इमरान मलिक ओमकार सूर्यवंशी ललित चोहान ओमदत सुमन लता शबाब सैफी शफीक सैफी दानिश सैफी राजकुमार दर्शन कुमार मोहित शर्मा तुषार कुमार सहित करीब एक सौ पचास कांग्रेस नेतागण एवं कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनता मजदूर कॉलोनी में कई राउंड फायरिंग हुई, दहशत में लोग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर पूर्वी दिल्ली के जनता मजदूर कॉलोनी में बुधवार तड़के कई राउंड फायरिंग की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, फायरिंग कॉलोनी की गली नंबर 22 और 20 में हुई। घरों की दीवार पर गोलियां के निशान भी मौजूद हैं। बता दें कि जुलाई माह में इसी कॉलोनी में कुछ अज्ञात हमलावरों ने कई राउंड फायरिंग की थी। जिसमें एक महिला गोली लगने से घायल हो गई थी। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। अब एक बार फिर इसी कॉलोनी में गोलियां चलने से इलाके के लोग दहशत में हैं। एक स्थानीय निवासी के अनुसार, मैंने सुना है कि सुबह 4 से 5 बजे के आसपास गोलीबारी हुई। गली नंबर 22 और 20 में दो अलग-अलग जगहों पर गोलियां चलीं। बताया जा रहा है कि 5 से 7 राउंड फायरिंग हुई। मेरे घर पर भी फायरिंग हुई। यहां गोलीबारी होना अब आम सी बात हो गई है। इस इलाके ने जो दिया, वहीं, यहां की युवा पीढ़ी ले रही है। डॉक्टर, इंजीनियर, बैंककर्मी, पुलिस बनकर किसी को अपना भविष्य सुनिश्चित नहीं करना है। यहां के युवाओं को कट्टा, गोली, चाकूबाजी करना है। हैरत की बात यह है कि देश की सबसे सतर्क पुलिस में से एक यहां की दिल्ली पुलिस भी इलाके में हो रही आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने में फेल हो रही है।

ऐसा आरोप है कि दिल्ली पुलिस के कुछ अधिकारी इनसे मिले हुए हैं। गोली चलाने वाले पकड़े जाते हैं, उन्हें पुलिस वाले लेकर जाते हैं, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया जाता है। पुलिस की हिरासत से बाहर आने के बाद वह बदला लेने के लिए हत्या जैसी वारदात को अंजाम देते हैं। इसके बाद पुलिस हरकत में आती है और तब जाकर कोई मामला दर्ज होता है। स्थानीय निवासी के अनुसार, पूर्व में मेरे भाई पर चाकू से हमला हुआ था। हमें आरोपियों ने धमकाया था, गवाही देने से मना किया था। लेकिन, हम पीछे नहीं हटे। जिसके चलते आरोपियों को जमानत नहीं मिली। अब गोलियां चलाकर दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की घटना में 10 से 15 राउंड गोलियां चली थीं। एक गोली मेरी मां के छाती में जाकर लगी थी। आज के मामले में अब तक क्राइम टीम नहीं आई है। लेकिन, घटना की सूचना मिलने पर वेलकम थाना पुलिस पहुंची है। उन्होंने जिला के डीएसपी से अपील की है कि वह सोशल मीडिया पर ध्यान दें, क्योंकि, यहां के बच्चे कट्टा, बंदूक, चाकूबाजी करते हुए वीडियो इंस्टाग्राम और फेसबुक पर पोस्ट करते हैं। अगर, इन पर पहले ही कार्रवाई की जाए तो यहां पर गोलीबारी होने की संभावना न के बराबर रह जाएगी।

## दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में छह वर्षीय बालक का यौन उत्पीड़न



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में छह वर्षीय लड़के का उसके 35 वर्षीय पड़ोसी ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि मामला मंगलवार को तब सामने आया जब लड़के ने बताया कि रविवार को पड़ोसी ने उसे गलत तरीके से छुआ था।यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी बलराम दास उर्फ कालू को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। जब पुलिस की टीम कालू को थाने लेकर जा रही थी तो बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और उन्होंने आरोपी और पुलिस कर्मचारियों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस आरोपी को सुरक्षित पुलिस थाने तक लेजाने में सफल रही। बाद में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गोविंदपुरी थाने के द्वार पर भीड़ जमा हो गई। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। एक पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लड़के के परिजनों ने स्थानीय पुलिस को बताया था कि छह वर्षीय बच्चा एक सितंबर को लापता हो गया था। हालांकि कुछ घंटों बाद परिवार को लड़का मिल गया था और वे उसे पुलिस थाने लेकर आए। लड़के की उसी दिन एम्स में मेडिकल जांच की गई और उसे लाजपत नगर स्थित ह्यबॉयज केयर होम भेज दिया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि परिवार ने सोमवार तक किसी भी तरह के यौन उत्पीड़न का आरोप नहीं लगाया था। इसमें कहा गया है कि मंगलवार को लड़के का बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किया गया और उसने तब कोई भी आपत्तिजनक बात नहीं कही। लेकिन जब उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष ले जाया गया तब उसने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे अनुचित तरीके से छुआ था।

## दिल्ली में भ्रष्ट अधिकारियों का सफाया कर रहे उपराज्यपाल : वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सुनीता केजरीवाल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट और दिल्ली के उपराज्यपाल की शक्तियों को लेकर आप को घेरा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पिछले 10 सालों से दिल्ली की हालत खराब करने में आम आदमी पार्टी का हाथ है। दिल्ली के उपराज्यपाल को अधिकार दिए जाने के बारे में उन्होंने कहा कि जब इन लोगों के पास सत्ता थी तो ये अपने गुर्गों को डेढ़-दो लाख की सैलरी देकर गद्दी पर बैठाते थे। अब जब उपराज्यपाल इस गंदगी को साफ कर रहे हैं तो इन्हें बुरा लग रहा है। जो पैसा दिल्ली के विकास पर खर्च होना चाहिए था, उसे इन लोगों ने अपने गुर्गों को दिल्ली में मलाईदार पदों पर बिठाकर लाखों रुपये सैलरी देने में खर्च कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि स्वाति मालीवाल को अपने पद से इस्तीफा दिए 5 महीने हो गए हैं, वह विभाग अभी भी खाली है। वहां पांच सौ से ज्यादा फाइलें जमा हैं, जिन पर कोई गौर नहीं कर रहा है। आज 60 विधायकों वाली पार्टी मुख्यमंत्री नहीं चुन सकती। क्योंकि पार्टी में सभी भ्रष्ट लोग बैठे हैं। लेकिन अब दिल्ली को अच्छे प्रशासन की जरूरत है। अगर केंद्र सरकार दिल्ली के प्रशासन को बेहतर बनाने के लिए उपराज्यपाल को अधिकार देती है, तो उन्हें इसे साबित करने देना चाहिए।



# इम्तियाज की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर सकते हैं फहाद!

इम्तियाज अली ने बॉलीवुड में कई यादगार फिल्मों का निर्देशन किया है। पिछले कुछ सालों में निर्देशक ने 'सोचा न था', 'जब वी मेट', 'रॉकस्टार' और 'तमाशा' जैसी फिल्मों के जरिए लोगों का दिल जीत लिया है। हाल ही में उनकी कुछ पुरानी फिल्में बड़े पर्दे पर दोबारा रिलीज हुईं और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन भी किया। हालांकि, उनकी दो फिल्में 'जब हैरी मेट सेजल' और 'लव आज कल 2' दर्शकों पर खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई, लेकिन उनके प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है। इम्तियाज अली ने अपनी अगली को फाइनल कर लिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि दक्षिण भारतीय अभिनेता फहाद फासिल इम्तियाज अली की अगली फिल्म के साथ हिंदी फिल्म उद्योग में डेब्यू करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। दावों के मुताबिक एक सूत्र ने खुलासा किया, 'फहाद और इम्तियाज ने पिछले कुछ महीनों में कई बैठकें की हैं और उनकी बातचीत सही दिशा में हो रही है। दोनों ही सही सेटअप में काम करना पसंद करते हैं, और पहली बार टीम बनाने के लिए तैयार हैं। फहाद इम्तियाज जैसे निर्देशक के साथ हिंदी फिल्मों में डेब्यू करने के लिए भी उत्साहित हैं।

**क्या लव स्टोरी पर चल रहा है काम?**

रिपोर्ट्स में सूत्रों के अनुसार दावा किया गया कि उनकी फिल्मोग्राफी की तरह ही, यह भी एक प्रेम कहानी होगी, जिसमें कहानी कहने का एक अनूठा पैटर्न होगा। सूत्र ने कहा, 'इम्तियाज एक शुद्ध प्रेम कहानी बना रहे हैं और महिला नायक की कास्टिंग चल रही है। वह विषय को लेकर उत्साहित हैं और उन्हें लगता है कि कहानी कहने का यह सही समय है। उन्होंने फहाद को फिल्म की पेशकश की है क्योंकि उन्हें लगता है कि अभिनेता बिल में फिट बैठता है और कहानी उनकी कास्टिंग की मांग करती है।'

**अगले साल से शुरू हो सकती है शूटिंग**

रिपोर्ट्स के अनुसार अगर सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो इम्तियाज अली निर्देशित यह फिल्म 2025 की पहली तिमाही में फ्लोर पर जाएगी और अगले साल के अंत तक रिलीज होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म निर्माता मौजूदा समय में अपनी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं और फिर संगीत पर काम शुरू करेंगे।



# मैंने ये फिल्म की, क्योंकि मुझे डिटेक्टिव बनना था

करीना कपूर की अगली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स है। इस फिल्म के जरिए वे बतौर प्रोड्यूसर भी शुरूआत कर रही हैं। आज मंगलवार को इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। एक भव्य इवेंट में ट्रेलर जारी किया गया। इस दौरान करीना कपूर से लेकर हंसल मेहता और एकता कपूर तक, फिल्म से जुड़ी तमाम हस्तियां मौजूद रहीं। करीना कपूर ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म यह फिल्म क्यों साइन की? करीना कपूर ने फिल्म में काम करने को लेकर कहा, मुझे डिटेक्टिव बनना था, इसलिए मैंने इस फिल्म में काम किया। इसके अलावा करीना कपूर ने कहा कि कैमरा के सामने आना मेरा पैशन है और यह जारी रहेगा। करीना कपूर ने ब्लैक कलर के आउटफिट में ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शिरकत की। उनके साथ मंच पर एकता कपूर और हंसल मेहता भी नजर आए।

एकता का शुक्रिया अदा किया और बोलीं, उन्होंने मुझ पर भरोसा किया। वह हमेशा बैकबोन रही हैं। इसके अलावा हंसल मेहता की तारीफ में कहा कि मुझे स्टोरी बहुत पसंद आई। मैंने बहुत सारे डायरेक्टर्स के साथ काम किया है, लेकिन यह किरदार मेरे लिए बहुत स्पेशल है। करीना से जब पूछा गया कि बतौर प्रोड्यूसर करीना कपूर क्या कहेंगी? इस पर एक्ट्रेस ने कहा, बहुत से लोगों को अच्छी क्राइम थ्रिलर देखना पसंद होता है। भाषा के मायने नहीं होते कि आप तमिल, तेलुगु, इंग्लिश किसमें बात कर रहे हैं, ज्यादातर लोगों को क्राइम थ्रिलर पसंद आती हैं। खुद मैं डिटेक्टिव शो देखने के लिए क्रेजी हूं। मैं इस फिल्म से बहुत करीब से जुड़ी हूं, दर्शकों को यह देखने में काफी मजा आएगा।

एकता कपूर ने फिल्म और इसकी स्टाकास्ट को लेकर चर्चा की और करीना कपूर की जमकर तारीफ की। एकता ने कहा कि फिल्म की स्पेशल स्टार करीना हैं। वहीं हंसल मेहता ने कहा, इस फिल्म को लेकर एकता कपूर ने कहा कि आपको ये स्टोरी करनी है। मैं कुछ और करने वाला था लेकिन एकता ने इस फिल्म के लिए कहा। इस फिल्म को बनाना मेरे लिए नई एंट्री जैसा अनुभव रहा, काफी चैलेंज भी रहे लेकिन पूरी यात्रा मजेदार रही। हंसल मेहता ने कहा कि इस फिल्म को बनाते वक्त सबसे अच्छी बात यह रही कि बजट फेल नहीं हुआ। इस फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है, वहीं इसे एकता कपूर और करीना कपूर मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म इसी महीने रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना के साथ ऐश टंडन, रणवीर बराड़ और कीथ एलन हैं।



# ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के लिए विजय को फीस में मिली इतनी मोटी रकम

साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म गोट-ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। फिल्म के बारे में दर्शकों को आए दिन नई जानकारियां मिल रही हैं, जो उनका उत्साह बढ़ा रही है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया था, जिस पर प्रशंसकों ने खूब प्यार बरसाया। वहीं, अब अभिनेता की फीस को लेकर नई जानकारी सामने आई है।

निर्माता ने खुलासा कर दिया है कि आखिरकार विजय को फिल्म के लिए कितनी फीस मिली है। फिल्म में विजय ने दोहरी भूमिका निभाई है। वे फिल्म में एक विशेष आतंकवाद विरोधी दस्ते का पूर्व नेता हैं। वे अपने दस्ते के सदस्यों के साथ मिलकर उनके अतीत की समस्याओं का समाधान करते हैं, जो वर्तमान को प्रभावित कर रही हैं। इससे पहले विजय को फिल्म में उनकी दोहरी भूमिका के लिए 150 करोड़ रुपये का भुगतान किए जाने की खबरें आई थीं। वहीं, अब निर्माता अर्चना कल्पथी ने फिल्म के लिए अभिनेता की असल फीस का खुलासा किया। विजय भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार में से एक हैं और इसलिए फिल्मों के लिए उनकी फीस की रकम भी काफी बड़ी है। निर्माता अर्चना कल्पथी ने हाल ही में आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि विजय को फिल्म में उनकी भूमिका के लिए 200 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। इसके साथ विजय भारतीय सिनेमा में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेताओं में से एक बन गए हैं।

# वो स्त्री है, कुछ भी कर सकती है, उसके पापा का हाथ उसके सिर पर है

अभिनेता शक्ति कपूर अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनकी बिटियी और दिग्गज अदाकारा श्रद्धा कपूर ने खास अंदाज में पापा को जन्मदिन की बधाई दी है। श्रद्धा कपूर इस वक्त सफलता के शिखर पर हैं। उनकी सिनेमाघरों में लगी फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर बवाल काट रही है। श्रद्धा कपूर ने पिता को जन्मदिन की बधाई देने के साथ यह भी इशारा कर दिया है कि अपने पिता की बदौलत ही वे इस मुकाम पर पहुंची हैं। श्रद्धा कपूर ने पिता शक्ति कपूर के साथ बेहद प्यारी फोटो साझा की है। इसके साथ लिखा है, आज मेरे पसंदीदा पुरुष का जन्मदिन है! हैप्पी बर्थडे बापू। एक्ट्रेस ने आगे लिखा है, वो स्त्री है, वो कुछ भी कर सकती है, क्योंकि उसके पापा का हाथ हरदम उसके सिर पर है। श्रद्धा कपूर के इस पोस्ट पर मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं। तमाम फैंस के साथ-साथ चर्चित हस्तियां भी कमेंट कर रही हैं। एक्टर वरुण धवन ने कमेंट किया है, तरोताजा नजर आ रहे हो आप दोनों। बिग बॉस में पहुंचीं यूट्यूबर शिवानी कुमारी ने लिखा भी जन्मदिन की बधाई दी है। वहीं, यूजर्स लिख रहे हैं, स्त्री के पापाजी को जन्मदिन की बधाई। एक यूजर ने लिखा, हर कामयाब स्त्री के सिर पर उसके बापू का हाथ और आशीर्वाद होता है। इसके अलावा कुछ यूजर्स पिता-पुत्री की जोड़ी की तारीफ कर रहे हैं। श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 की बात करें तो इसने कई रिकॉर्ड बना लिए हैं। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई फिल्म 500 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है। यह जानकारी मेकर्स ने सोमवार को पोस्ट साझा कर दी। मैडॉक फिल्म्स के मुताबिक 18 दिनों में स्त्री 2 ने 502 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। हालांकि, ट्रेड आंकड़ों में फिल्म अभी 500 करोड़ क्लब में शामिल नहीं हुई है, लेकिन फिल्म का कारोबार अच्छा चल रहा है।





# एकता कपूर ने बदल दी अनीता हसनंदानी की जिंदगी

अभिनेत्री अनीता हसनंदानी ने खुद पर कंटेंट क्वीन एकता कपूर के आध्यात्मिक प्रभाव के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने तिरुपति बालाजी में विश्वास करना शुरू किया। अनीता टीवी होस्ट और रेडियो उद्घोषक सिद्धार्थ के पॉडकास्ट पर दिखाई दीं। सिद्धार्थ अनीता से पूछते हैं, एकता बहुत आध्यात्मिक और धार्मिक है...आप भी उतने हो?

अनीता ने जवाब देते हुए कहा, उतनी नहीं हूं, लेकिन उनकी संगत में थोड़ी बहुत हूं। असल में मैंने सिद्धिविनायक मंदिर इसलिए जाना शुरू किया क्योंकि वह जाती हैं। उन्होंने कहा, मुझे तिरुपति बालाजी में आस्था है, क्योंकि वह इसमें आस्था रखती हैं। मैंने अपने जीवन में जो चमत्कार हुए हैं, उन्हें भी देखा है। मैं कुछ स्तर पर आध्यात्मिक हूं। मैंने पत्थर पहनने की कोशिश की, लेकिन अगर दिल ही साफ नहीं हो, तो यह काम नहीं करेगा।

अनीता ने कहा, मैंने साउथ में नुव्वु नेनु फिल्म की थी। वो फिल्म अब हिंदी में बनाने जा रहे थे, लेकिन मुझे हिंदी में बनने वाली फिल्म के लिए कास्ट नहीं किया गया। उन्होंने मेरी जगह तुषार कपूर और तारा शर्मा को शामिल कर लिया। उनके इस कदम से मैं काफी निराश थी। इस फिल्म की शूटिंग 25 दिनों तक लगातार हुई। उन्होंने कहा, आप कल्पना कीजिए कि फिल्म का तेलुगू वर्जन में मैंने किया , लेकिन अफसोस हिंदी वर्जन किसी और से कराया जा रहा है, इसलिए मैं तिरुपति बालाजी गई और मैंने प्रार्थना की कि यह फिल्म मुझे मिले। जब मैं मंदिर से आकर अपनी कार में बैठी, तो मुझसे कहा कि वे इस काम के लिए फिट नहीं है? क्या तुम यह करोगी?

फिल्म नुव्वु नेनु की शूटिंग फिल्म निर्देशक तेजा द्वारा की गई थी। फिल्म में उदय किरण मुख्य भूमिका में थे, जबकि सुनील, बनर्जी, तनिकेला भरणी, धर्मवरपु सुब्रमण्यम और तेलंगाना शकुंतला अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। उन्होंने 2003 की थ्रिलर कुछ तो है से हिंदी फिल्म में डेब्यू किया। अनीता नित्रे इष्टपद्दनु, आदंथे एडो टाइप, कृष्णा कॉटेज, सिलसिले, कोई आप सा, जस्ट मैरिड, अहा ना पेलंता!, रागिनी एमएमएस 2 जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं।



# वरुण की आगामी फिल्मों में दिखेगा रोमांस-थ्रिलर-एक्शन, कृति-कीर्ति और जान्हवी के साथ जमेगी जोड़ी

**बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की कई फिल्में पाइपलाइन में हैं। इन सभी फिल्मों में आपको एक्शन, थ्रिलर, सस्पेंस और भरपूर रोमांस देखने को मिलेगा। इस लिस्ट में बॉर्डर 2, सिटाडेल, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी, भेड़िया 2 और बेबी जॉन जैसी फिल्में शामिल हैं। लेकिन क्या आपको ये पता है कि इन सभी फिल्मों में वरुण के साथ अलग-अलग अभिनेत्रियां**

सबसे पहले बात करते हैं वरुण धवन की फिल्म बॉर्डर 2 की। बॉर्डर 2 की घोषणा हाल ही में हुई है, अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि इस फिल्म में वरुण क्या किरदार निभाएंगे और उनके अपोजिट इस फिल्म में कौस सी एक्ट्रेस होगी। वैसे यह भी हो सकता है कि इस फिल्म में वरुण के अपोजिट कोई अभिनेत्री ना भी हो क्योंकि यह फिल्म पूरा तरह से देशभक्ति पर आधारित होगी। बता दें बॉर्डर 2 साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह करेंगे।




वरुण धवन जल्द ही एक्शन बेस्ड वेब सीरीज सिटाडेल के हिंदी संस्करण में नजर आएंगे। इस वेब सीरीज में वरुण के साथ सामंथा रुथ प्रभु की जोड़ी नजर आएगी। एक तरह से देखा जाए तो सिटाडेल वरुण का ओटीटी डेब्यू है। इसे राज और डीके निर्देशित कर रहे हैं। बता दें यह सीरीज प्रियंका चोपड़ा की सिटाडेल का इंडियन वर्जन है। खास बात यह है कि यह रीमेक न होकर अमेरिकन सीरीज का स्पिन ऑफ होगा। हो सकता है कि इसमें प्रियंका चोपड़ा का भी किरदार दिखाई दे।



निर्देशक शशांक खेतान की आगामी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी एक रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म में वरुण की जोड़ी जान्हवी कपूर के साथ नजर आएगी। शशांक खेतान द्वारा लिखित और निर्देशित और करण जौहर द्वारा निर्मित फिल्म होगी सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी। फिल्म की कहानी सनी (वरुण धवन) और तुलसी कुमारी (जाह्नवी कपूर) के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सनी एक मस्ती करने वाला और लापरवाह लड़का है, जबकि तुलसी एक संस्कारी और गंभीर लड़की है। नियति उन्हें एक साथ लाती है, और वे प्यार में पड़ जाते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भेड़िया 2 में वरुण अभिनेत्री कृति सेनन के साथ फिर से नजर आएंगे। भेड़िया 2 एक आगामी बॉलीवुड कॉमेडी हॉरर ड्रामा फिल्म है, जो साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म भेड़िया की सीक्वल फिल्म होगी। अमर कौशिक इस फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं और दिनेश विजन इस फिल्म के निर्माता होंगें।

बेबी जॉन आगामी एक्शन ड्रामा बॉलीवुड फिल्म है, जिसका निर्देशन साउथ निर्देशक कलीस करेंगे। मुराद खेतानी, प्रिय एटली और ज्योति देशपांडे इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म में वरुण धवन की जोड़ी कीर्ति सुरेश के साथ नजर आएगी।वरुण और कीर्ति के अलावा फिल्म में वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव दिखाई देंगे। यह फिल्म 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वरुण धवन फिल्म इक्कीस में भी नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है






# भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ी, व्यापार लागत घटी; एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करेगा देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत निर्यात के मोर्चे पर अच्छी स्थिति में है। देश वैश्विक व्यापार में लगातार अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है। विश्व बैंक ने कहा, भारत 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात लक्ष्य हासिल करने में सक्षम है। हालांकि, इसके लिए तीन उपाय करने होंगे। ये उपाय हैं...व्यापार लागत को घटाना, कारोबारी बाधाएं कम करना और अधिक-से-अधिक देशों तक पहुंच बढ़ाना। इसके अलावा, भारत को अपने निर्यात बास्केट में विविधता लाने के साथ वैश्विक मूल्य शृंखलाओं का लाभ भी उठाना होगा।

विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' रिपोर्ट में कहा, अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए व्यापार की महत्वपूर्ण भूमिका है। महामारी के बाद वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के पुनर्गठन ने भारत के लिए कारोबार के मोर्चे पर अवसर पैदा किए हैं। भारत ने राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति और डिजिटल पहलों के जरिये अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाया है, जिससे व्यापार लागत में कमी आ रही है। हालांकि, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएं बढ़ने से व्यापार केंद्रित निवेश की संभावनाएं सीमित हो सकती हैं।



## इन क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाने की संभावनाएं

विश्व बैंक के भारत में निदेशक ऑगस्ते तानो कोउमे ने कहा, भारत अपनी वैश्विक व्यापार क्षमता का लाभ उठाकर कारोबार को और बढ़ा सकता है। वह आईटी, व्यावसायिक सेवाओं और फार्मा निर्यात में उत्कृष्ट है। भारत के पास वस्त्र, परिधान और फुटवियर के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स व हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों का निर्यात बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं। इससे निर्यात बास्केट में विविधता भी आएगी। विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रैन ली एवं नोरा डिहेल ने कहा, उत्पादन की बढ़ती लागत व घटती उत्पादकता से वैश्विक परिधान निर्यात में भारत का हिस्सा 2022 में 3 फीसदी रह गया। 2018 में यह 4 फीसदी था। रिपोर्ट के मुताबिक, चालू खाते के घाटे में कमी और मजबूत विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के कारण भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इस साल अगस्त की शुरुआत में बढ़कर 670.1 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय जीडीपी की रफ्तार दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे तेज बनी हुई है। इसे कृषि क्षेत्र, ग्रामीण मांग, निजी खपत और निवेश से समर्थन मिल रहा है। 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की मजबूत रफ्तार से आगे बढ़ी थी। इसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश और रियल एस्टेट क्षेत्र में घरेलू निवेशकों में वृद्धि से बढ़ावा मिला था।

## कर्ज-जीडीपी अनुमान में आएगी गिरावट

मजबूत राजस्व वृद्धि और आगे राजकोषीय समेकन के साथ कर्ज-जीडीपी अनुपात 2026-27 में घटकर 82 फीसदी पर आ सकता है।2023-24 में यह अनुपात 83.9 फीसदी था। चालू खाते का घाटा (कैड) के 2026-27 तक जीडीपी के 1-1.6 फीसदी के आसपास रहने की उम्मीद है।

## मिनीरत्न कंपनी के शेयरों में तूफानी तेजी, कंपनी ने बनाई है पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मिनीरत्न कंपनी बीईएमएल लिमिटेड के शेयरों में बुधवार को तूफानी तेजी आई है। बीईएमएल के शेयर बुधवार को 7 पर्सेंट के उछाल के साथ 4136.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर मंगलवार को 3851.80 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों में इस साल अब तक 45 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। बीईएमएल ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट बनाई है। बीईएमएल के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 5489.15 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 1904.50 रुपये है। मिनीरत्न कंपनी बीईएमएल ने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट बनाई है। रेलवे मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने पिछले दिनों वंदे भारत स्लीपर कोच के प्रोटोटाइप वर्जन को अनवील किया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को आने वाले महीनों में लॉन्च किया जाएगा। इस ट्रेन को वंदे भारत प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में अत्याधुनिक सुविधाएं दी गई हैं, जो कि यूरोपियन स्टैंडर्ड्स का मुकाबला करती हैं। ट्रेन के इंटीरियर में ग्रेप पैनल्स, सेंसर बेस्ड इंटरकम्युनिकेशन डोर, ऑटोमैटिक एक्सटीरियर पैसेंजर डोर, स्क्र चार्जिंग पोर्ट्स के साथ इंटीग्रेटेड रीडिंग लाइट्स दी गई हैं।

## जीआईसी में सरकार बेचेगी बड़ी हिस्सेदारी, निवेशकों में हड़कंप, शेयर बेच निकल रहे निवेशक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन के शेयर में आज बड़ी गिरावट देखी जा रही है। कंपनी के शेयर आज 5 प्रतिशत से अधिक गिर गए और 398.60 रुपये के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए। शेयरों में इस गिरावट के पीछे एक बड़ी खबर है। दरअसल, सरकार जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन में 6.78 प्रतिशत हिस्सेदारी 395 रुपये प्रति शेयर के भाव में बेचेगी। बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत 11.90 करोड़ से अधिक शेयर यानी 6.78 प्रतिशत हिस्सेदारी रखी जाएगी। यह पेशकश बुधवार को संस्थागत निवेशकों के लिए खुलेगी। खुदरा निवेशक बृहस्पतिवार को बोली लगा सकेंगे। शेयर बिक्री से 395 रुपये प्रति इक्विटी के भाव पर सरकारी खजाने को लगभग 4,700 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। न्यूनतम शेयर भाव मंगलवार को बंद भाव से 6.23 प्रतिशत कम है। बता दें कि कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 467 रुपय और 52 वीक का लो प्राइस 202.45 रुपये है। इसका मार्केट कैप 70,623.37 करोड़ रुपये है। इस साल अब तक यह शेयर 30 प्रतिशत और पिछले एक साल में करीबन 78 प्रतिशत तक चढ़ा है।निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहित कांत पांडेय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''जनरल इंश्योरेंस कॉपोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी) के लिए बिक्री पेशकश कल खुलेगी। बुधवार को गैर-खुदरा निवेशक बोली लगा सकेंगे जबकि खुदरा और जीआईसी के कर्मचारी गुरुवार को बोली लगाएंगे। सरकार 3.39 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही जबकि ज्यादा बोली आने पर 3.39 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी बेचने का विकल्प रखा गया है।'' सरकार के पास वर्तमान में जीआईसी में 85.78 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जीआईसी अक्टूबर, 2017 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई। सरकार ने आईपीओ से 9,685 करोड़ रुपये जुटाए थे।

## अचानक बेच दिए 15.85 लाख शेयर, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जर बनाती है एक्सिकॉम टेली सिस्टम्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक्सिकॉम टेली सिस्टम्स के शेयरों में आज बुधवार को 5त्न तक की गिरावट देखी गई। कंपनी के शेयर मंगलवार के बंद भाव 381 रुपये के मुकाबले आज शुरुआती कारोबार में ही 362 रुपये पर पहुंच गए। शेयरों में इस गिरावट के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, एक दिन पहले ही बिग बुल राकेश झुनझुनवाला की आरएआरई एंटरप्राइज ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम की है। एक्सचेंज पर दी गई जानकारी के मुताबिक, राकेश झुनझुनवाला की यूनिट ने 348.60 रुपये की औसत कीमत पर एक्सिकॉम टेली सिस्टम्स में 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी करीबन 15.85 लाख शेयर बेचे हैं। कुल हिस्सेदारी बिक्री का मूल्य 55.25 करोड़ रुपये था। कंपनी के शेयरों का 52 वीक का हाई प्राइस 530.40 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 170.25 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 4,446.34 करोड़ रुपये है। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर बाजार में काम करने वाली एक्सिकॉम टेली ने इस साल मार्च में शेयर बाजार में शानदार शुरुआत की थी। कंपनी के शेयर 80 प्रतिशत से अधिक प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए थे। एक्सिकॉम को भारत के ईवी चार्जिंग सेक्टर में पहले कदम रखने का लाभ मिला है। वित्त वर्ष 24 तक कंपनी ने 400 से अधिक शहरों में 65,000 से ज़्यादा चार्जर लगाकर बाजार में जबरदस्त प्रगति की है। कंपनी के व्यापक नेटवर्क ने इसे आवासीय चार्जर में अग्रणी बना दिया है, जिसकी बाजार में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी है, और सार्वजनिक चार्जर सेगमेंट में भी इसकी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी है।




## क्रेडिट कार्ड का बाजार 2028-29 तक हो सकता है दोगुना, पर डेबिट कार्ड का इस्तेमाल घट रहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में क्रेडिट कार्ड की संख्या 15 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर के साथ 20 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, पीडब्ल्यूसी की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेडिट कार्ड उद्योग ने पिछले पांच वर्षों में जारी किए गए क्रेडिट कार्ड की संख्या को दोगुना करते हुए महत्वपूर्ण विस्तार हासिल किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह गति जारी रहने की उम्मीद है, आने वाले वर्षों में बाजार यह वृद्धि दोहरा सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में क्रेडिट कार्ड बाजार में वित्त वर्ष 28-29 तक कार्डों की संख्या दोगुनी होने की उम्मीद है, और यह आंकड़ा 20 करोड़ कार्ड तक पहुंच जाएगा। क्रेडिट कार्ड उद्योग में पिछले पांच वर्षों के दौरान 100 प्रतिशत की वृद्धि दिखी है। अगले पांच वित्तीय वर्षों के भीतर बाजार इस वृद्धि को दोहरा सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेडिट कार्ड जारी करने के अलावे इनसे होने वाली लेन-देन गतिविधियों में भी पर्याप्त वृद्धि आई है। लेन-देन की मात्रा या संख्या में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि लेन-देन के मूल्य में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में इस वृद्धि का श्रेय नए उत्पादों की शुरूआत, अभिनव पेशकशों और ग्राहक खंडों के विस्तार को दिया गया है।



हालांकि, रिपोर्ट में डेबिट कार्ड के उपयोग में गिरावट का भी उल्लेख किया गया है। डेबिट कार्ड लेन-देन की मात्रा और मूल्य दोनों में कमी आई है। यह उपभोक्ता वरीयताओं में बदलाव को दर्शाता है। वित्त वर्ष 23-24 में, डेबिट कार्ड के लिए लेन-देन की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत कम हो गई, और डेबिट कार्ड पर खर्च साल-दर-साल 18 प्रतिशत कम हो गया।

रिपोर्ट में कहा गया है, देश में डेबिट कार्ड ने कार्ड जारी करने के मामले में धीमी वृद्धि देखी है। डेबिट कार्ड की मात्रा और मूल्य में वित्त वर्ष 23-24 के दौरान महत्वपूर्ण गिरावट आई है। इस गिरावट का श्रेय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस की बढ़ती लोकप्रियता को दिया जाता है , जो उपयोग में आसान है और अपने शून्य मर्चेंट डिस्काउंट रेट के कारण छोटे से मध्यम व्यापारियों के लिए पसंदीदा भुगतान पद्धति बन गया है।

## सैमसंग ने एडवांस्ड एआई फीचर्स के साथ अपनी बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज लॉन्च की

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज भारत में अपनी नई बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज लॉन्च की। रेफ्रिजरेटर की नई सीरीज शानदार डिजाइन और कई एआई फीचर्स से लैस है। इन फीचर्स में स्मार्टथिंग्स एआई एनर्जी मोड, स्मार्टथिंग्स होम केयर और स्मार्ट फॉरवर्ड, कन्वर्टिबल 5-इन-1, ट्विन कूलिंग प्लसइ और एक्टिव फ्रेश फिल्टर+ शामिल हैं। ये रेफ्रिजरेटर्स भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करेंगे। सैमसंग बीस्पोक एआई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज ग्लास और स्टील फिनिश में कई विकल्पों, ब्लैक ग्लास, ब्लैक मैट, लक्ज़ ब्लैक, एलिगेंट आइनॉक्स और रिफाइंड आइनॉक्स में मौजूद है, जिसमें आप अपने पसंदीदा रेफ्रिजरेटर का चुनाव कर सकते हैं। सैमसंग की नई बीस्पोक आई डबल डोर रेफ्रिजरेटर सीरीज तीन साइज- 396 लीटर, 419 लीटर और 465 लीटर में उपलब्ध होगी। 64990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध रेफ्रिजरेटर में उपभोक्ताओं को बड़ी स्टोरेज क्षमता, सुविधा और लचीलापन मिलेगा। सैमसंग इंडिया में डिजिटल अप्लायंसेज बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर श्री सौरभ बैशाखिया ने कहा, रेफ्रिजरेटर श्रेणी में लीडर होने के नाते, हमारा ध्यान कूलिंग के अलावा कई दूसरी चीजों पर है।

## वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन और युनिवर्सिटी ऑफ हडर्सफील्ड को भारत और ब्रिटेन में धरोहर डाकघर भवनों के भविष्य का अध्ययन करने के लिए 4 करोड़ रुपये अनुदान दिया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रचनात्मक क्षेत्र में शिक्षा के लिए समर्पित भारत की पहली युनिवर्सिटी वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) को युनिवर्सिटी ऑफ हडर्सफील्ड (ब्रिटेन) के साथ गठबंधन में 4.4 करोड़ रुपये का अनुदान आर्ट्स एंड ह्युमैनिटीज़ रिसर्च काउंसिल द्वारा प्रदान किया गया है। इस अनुदान का उद्देश्य एक नये ज्ञान और संस्कृति के आदान प्रदान का प्रसार करना है। इस परियोजना का लक्ष्य भारत और ब्रिटेन में डाक घर संस्कृति की जांच परख के लिए एक रचनात्मक स्थल आधारित स्कैनिंग दृष्टिकोण अपनाना और अंग्रेजों के जमाने की अत्याधुनिक वास्तुशिल्पीय प्रौद्योगिकी के पहलुओं का परीक्षण करना है जिससे यह पता लगाया जा सके कि भारत में डाकघर भवनों का भविष्य में कैसे उपयोग किया जा सकता है। यह परियोजना दिसंबर, 2026 तक चलेगी और इसमें लंदन का पोस्टल म्यूजियम और इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज भी शामिल होंगे। आर्ट्स एंड ह्युमैनिटीज़ रिसर्च काउंसिल (एएचआरसी) कला एवं मानविकी के क्षेत्र में शानदार मूल अनुसंधान के लिए रणनीतिक कोष उपलब्ध कराती है और यह दर्शन और रचनात्मक उद्योगों से लेकर कला संरक्षण और उत्पाद डिजाइन तक के विषयों में विश्वस्तरीय स्वतंत्र अनुसंधान का वित्त पोषण करती है। यह पहल आर्किटेक्चर में प्रोफेसर निक क्लियर और शालीन शर्मा, कल्चरल थ्योरी एंव प्रैक्टिस में रीडर रोवन बैले, आर्किटेक्चर के विद्यार्थियों और दोनों देशों से दक्षिण एशियाई समुदायो के बीच एक गठबंधन है।

## निप्पॉन पेंट ने प्रवास 2024 में भारत के वाणिज्यिक वाहन उद्योग के लिए अनूठे पेंट सॉल्यूशंस प्रदर्शित किए

**नई दिल्ली/ बेंगलूरू, एजेंसी।** कारोबार के लिहाज से एशिया प्रशांत की नंबर 1 पेंट एवं कोटिंग कंपनी निप्पॉन पेंट ने बेंगलूरू में 29 से 31 अगस्त के बीच संपन्न भारत के मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट शो प्रवास 2024 में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का चौथा संस्करण बस एंड कार ऑपरेटर्स कनफेडरेशन ऑफ इंडिया (बीओसीआई) द्वारा आयोजित किया गया। इस आयोजन में 100 से अधिक विशेषज्ञ वक्ताओं, 200 अग्रणी प्रदर्शकों और 10,000 कारोबारी आगंतुकों ने हिस्सा लिया।

आयोजन के दौरान, निप्पॉन पेंट ने विशेष रूप से वाणिज्यिक वाहन उद्योग के लिए डिजाइन किए अनूठे पेंट सॉल्यूशंस की व्यापक रेंज प्रदर्शित की। इनमें उत्सर्जन, हीट और धूल घटाने के साथ ही उत्पादकता को महत्तम स्तर पर ले जाने के लिए फंक्शनल कोटिंग शामिल था जिसमें कुछ पेटेंटशुदा उत्पादों की रेंज भी शामिल थी। कंपनी ने कलर करेक्शन और डेवपलमेंट के लिए विश्व की अग्रणी एआई टेक्नोलॉजी के साथ हाईटेक उत्पाद, पेंटिंग सिमुलेशन और ऑटोमेटेड रोबोटिक पेंट एप्लीकेशंस के लिए वीआर सॉफ्टवेयर भी प्रदर्शित किए।



इस आयोजन के जरिए इस कंपनी का मुख्य ध्येय यह प्रदर्शित करना था कि कैसे उसके पेंट सिस्टम्स वैश्विक टेक्नोलॉजी बेस का उपयोग कर भारत में परिवहन के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। निप्पॉन पेंट इंडिया के महाप्रबंधक (मार्केटिंग एवं नया कारोबार विकास) राकेश हांडू के मुताबिक, प्रवास 2024 ने विकसित भारत 2047 के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रभावी सार्वजनिक परिवहन की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की। इस आयोजन के दौरान हमने हमारी अत्याधुनिक पेंट टेक्नोलॉजीज़ प्रदर्शित की जो वाणिज्यिक वाहन उद्योग में क्रांति ला रही हैं। इस आयोजन में हमारा प्रतिभाग, ऐसे अनूठे समाधान पेश करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है जो भारत में सार्वजनिक परिवहन की सुरक्षा, दक्षता और टिकाऊपन को बढ़ाए।

## एचडीएफसी बैंक ने गीगा लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने विशेष रूप से गिग वर्कर्स/फ्रीलांसरों के लिए डिज़ाइन किए गए उत्पादों और सेवाओं का एक संपूर्ण वित्तीय सेट गीगा लॉन्च किया। शुरुआत के तौर पर, बैंक ने फ्रीलांसरों की ज़रूरतों को समझने के लिए एक गहन उपभोक्ता शोध अध्ययन किया, जिसके आधार पर, इसने गीगा लॉन्च किया है - जो एक डिजिटल-फ़र्स्ट प्रोग्राम तथा फ्रीलांसरों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह के कस्टमाइज़्ड उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करता है। गिग इकॉनमी व्हाइट-कॉलर पेशेवरों जैसे प्रबंधन सलाहकार, सॉफ़्टवेयर प्रोग्रामर और डिज़ाइनर, आर्किटेक्ट, निवेश सलाहकार से लेकर ग्रे कॉलर वर्कर तक फैली हुई है जो विशिष्ट व्यावसायिक/तकनीकी विशेषज्ञता रखते हैं ब्लू कॉलर और पिंक-कॉलर वर्कर जिसमें डिलीवरी पार्टनर तथा केयर गिवर भी गिग इकोनॉमी का हिसा है।

## एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने एक नया फंड ऑफ़र लॉन्च किया

### एचएसबीसी इंडिया एक्सपोर्ट ऑपर्चुनिटीज़ फंड

**मुंबई, एजेंसी।** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने एचएसबीसी इंडिया एक्सपोर्ट ऑपर्चुनिटीज़ फंड को लॉन्च करने की घोषणा की, जो निर्यात विषय के तहत एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 05 सितंबर 2024 को खुलेगा और 19 सितंबर 2024 को बंद होगा ।

एचएसबीसी इंडिया एक्सपोर्ट ऑपर्चुनिटीज़ फंड (योजना) का लक्ष्य वस्तुओं या सेवाओं के निर्यात से जुड़ी या उससे लाभान्वित होने वाली कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों के सक्रिय रूप से प्रबंधित पोर्टफोलियो से लंबी अवधि की पूंजी वृद्धि उत्पन्न करना है। इस योजना में उन कंपनियों में निवेश करने की सुविधा है जो बाजार पूंजीकरण में निर्यात विषय का हिस्सा हैं जैसे कि- लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां। यह योजना निफ्टी 500 टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) को ट्रैक करेगी।

इस योजना का प्रबंधन अभिषेक गुप्ता (इक्विटी), सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, इक्विटीज, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड और सोनल गुप्ता (ओवरसीज सिक्योरिटीज), हेड रिसर्च इक्विटीज, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड द्वारा किया जाएगा।

इसके लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, कैलाश कुलकर्णी, सीईओ, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड, ने कहा, भारत सरकार का 2030 तक वार्षिक निर्यात में 2 ट्रिलियन हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाने के लिए देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कुशल श्रम में हमारी ताकत, आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण पर ध्यान देने के साथ-साथ सुधार और प्रोत्साहन वैश्विक बाजारों में हमारी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को बढ़ाते हैं। निर्यात देश के लिए हमेशा विकसित होने वाला अवसर है, व्यवसायों को उत्पादकता और दक्षता में सुधार करने में मदद करता है; और देश के लिए विदेशी मुद्रा भंडार बनाता है। कुल मिलाकर, भारत इस क्षमता का लाभ उठाने, आर्थिक विकास का समर्थन करने और वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अच्छी स्थिति में है। वेणुगोपाल मंघट, सीआईओ-इक्विटी, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड, ने कहा, स्टॉक्स का चयन व्यवसाय की मूलभूत बातों सहित कई मानदंडों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा, जिसमें उद्योग संरचना, साथियों के बीच सापेक्ष व्यावसायिक ताकत, प्रबंधन की गुणवत्ता, आर्थिक कारकों के प्रति संवेदनशीलता, कंपनी की वित्तीय ताकत, कमाई के प्रमुख चालक, और मूल्यांकन शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 में आएंगे नजर, इस टीम के मुख्य कोच बनेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बनने जा रहे हैं। जून में बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद ब्रेक लेने वाले द्रविड़ इस साल के आखिर में होने वाली नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन जैसे अहम मसलों पर काम करना शुरू करेंगे। एक सूत्र ने बताया, 'बातचीत आखिरी चरण में है और वह जल्दी ही मुख्य कोच का पद संभालेंगे। पिछले तीन साल से रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक पद पर काबिज कुमार संगकारा इस भूमिका में बने रहेंगे। द्रविड़ 2012 और 2013 में रॉयल्स के कप्तान थे और दो साल मेंटोर भी रहे। इसके बाद वह 2016 में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े और बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख रहे। द्रविड़ 2021 में एनसीए से निकलकर रवि शास्त्री की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने। इस बीच ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार द्रविड़ के कार्यकाल में भारत के बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ रॉयल्स के सहायक कोच बन सकते हैं।

### विश्व चैंपियन सचिन ने पैरा ओलंपिक में जीता सिल्वर पदक




**पेरिस (एजेंसी)।** भारत के सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने बुधवार को यहां चल रहे खेलों में पुरुषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में 16.32 मीटर की एशियाई रिकॉर्ड दूरी के साथ अपने पैरालिंपिक रजत को विश्व खिताब में जोड़ा। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे प्रयास में दिन का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो हासिल किया और 16.30 मीटर के अपने पहले के एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो उन्होंने मई में जापान में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतते हुए बनाया था।
कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के थ्रो के साथ अपने टोक्यो पैरालिंपिक स्वर्ण का बचाव किया। क्रोएशिया के लुका बाकोविच ने 16.27 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। खिलाड़ी का रजत मौजूदा खेलों में पैरा-एथलेटिक्स से 11वां पदक है। उन्होंने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। एफ46 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनकी भुजाओं में कमजोरी है, मांसपेशियों की शक्ति क्षीण है या भुजाओं में निष्क्रिय गति की सीमा क्षीण है, तथा एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

## दलीप ट्रॉफी 2024

# लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी करने वाले ऋषभ पंत पर होगी नजरें

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार से बेंगलुरु और अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे।

पंत ने चोटों से उबरने के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी की लेकिन वह अभी तक लंबी अवधि के प्रारूप में नहीं खेले हैं। उन्होंने लाल गेंद से अपना अंतिम मैच दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अब वह अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम बी की तरफ से मैदान पर उतरेंगे जिसका मुकाबला यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम ए से होगा।

सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई लेकिन यह चार दिवसीय टूर्नामेंट उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश करेगा क्योंकि उन्हें विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप में लंबा समय मैदान पर बिताना पड़ सकता है। पंत को टीम बी का



विशेषज्ञ विकेटकीपर नियुक्त किया गया है जिससे पता चलता है कि भारत के टेस्ट क्रिकेट में आगे व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस विकेटकीपर बल्लेबाज की वापसी को लेकर कितनी गंभीर है।

चयन समिति के लिए हालांकि विकेटकीपर का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि कुछ अन्य मजबूत दावेदार भी हैं। इनमें टीम ए की तरफ से खेलने वाले ध्रुव जुरेल भी शामिल है जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पदार्पण श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उनके अलावा ईशान किशन भी हैं जो श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम डी के विकेटकीपर हैं। टीम डी का मुकाबला अनंतपुर में टीम सी से होगा जिसकी कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई है।

चयन समिति इसके अलावा विशेषकर तेज गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के विकल्प तलाशने पर भी ध्यान देगी क्योंकि भारतीय टीम का आगे काफी व्यस्त कार्यक्रम है। सिराज अस्वस्थ होने के कारण टूर्नामेंट के पहले दौर में नहीं खेल पाएंगे जबकि शमी अभी ऑपरेशन के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। ऐसे में चयनकर्ता बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और आकाशदीप पर पैनी नजर रखेंगे। इनके अलावा अर्शदीप सिंह, अवेश खान, खलील अहमद, विदवथ कावेरप्पा, वैसाख विजयकुमार और हर्षित राणा भी चयन समिति को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं :

- **भारत ए** – शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, अवेश खान, विदवथ कावेरप्पा , कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत।
- **भारत बी** – अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी (फिटनेस के आधार पर), वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन।
- **भारत सी** – रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल, संदीप वारियर।
- **भारत डी** – श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत, सौरभ कुमार।
- **मैच का सुबह**–9.30 बजे से।

## युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज युवराज सिंह ने युवा क्रिकेटर अभिषेक शर्मा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए एक विशेष वीडियो साझा किया। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक हो सर अभिषेक, उम्मीद है कि आप इस साल जितने सिंगल्स लेंगे, उतने ही आप पार्क से बाहर भी मारेंगे। कड़ी मेहनत करते रहें! ढेर सारा प्यार और आने वाले बेहतरीन साल के लिए शुभकामनाएं!




वीडियो में युवराज अभिषेक को प्रशिक्षण देते हुए दिखाई दे रहे हैं जिसमें युवा क्रिकेटर के प्रभावशाली कौशल को दिखाया गया है। वह आत्मविश्वास के साथ स्पिनरों का सामना कर रहे हैं और उन्हें मैदान के सभी हिस्सों में मार रहे हैं। वीडियो में युवराज द्वारा अभिषेक को दी गई सलाह को दर्शाया गया है, जिससे उन्हें अपनी तकनीक को निखारने और एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने में मदद मिली है।

युवराज का संदेश और अभिषेक के जन्मदिन पर प्रशिक्षण वीडियो दोनों खिलाड़ियों के बीच के बंधन को दर्शाता है और युवराज द्वारा उभरते सितारे में देखी गई संभावनाओं को रेखांकित करता है। अभिषेक शर्मा ने हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में शतक बनाया था और अपने क्रिकेट करियर में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। अपने टी20 करियर की खराब शुरुआत को झेलने के बाद अभिषेक ने बल्ले से अपना असली रंग दिखाया। अपने डेब्यू मैच में चार गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद इस युवा खिलाड़ी ने वापसी की और दूसरे टी20 मैच में तेज शतक बनाया।

## रोहित शर्मा ने फैसला कर लिया, आईपीएल 2025 में इस टीम से खेलेंगे 'हिटमैन'!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले एक खिलाड़ी जो सबसे ज्यादा चर्चा में है. ये कोई और नहीं टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं. इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है पिछले सीजन में हुआ कप्तानी विवाद. हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा के बीच जो कुछ हुआ, उसके बाद फैंस ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि रोहित शर्मा इस बार मुंबई इंडियंस में ही रहेंगे या किसी और टीम की ओर रुख करेंगे. पिछले सीजन से ही ऐसी कई रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं कि रोहित मुंबई को छोड़कर दूसरी टीम का दामन थाम लेंगे. हालांकि, अब उन्हें लेकर एक नया दावा किया गया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रेंचाइजी के साथ उनका सारा विवाद सुलझ गया है. नीता अंबानी की फ्रेंचाइजी ने अपने पूर्व कप्तान को रिटेन करने पर मुहर लगा दी है।



## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# बाबर आजम पांच साल में पहली बार शीर्ष 10 से बाहर

पी5

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ लगातार असफलताओं के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं। दिसंबर 2019 के बाद पहली बार बाबर शीर्ष 10 से बाहर हुए हैं, जब वे 13वें स्थान पर थे। बाबर की गिरावट के बाद शीर्ष 10 में पाकिस्तान के एकमात्र बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में संपन्न दो टेस्ट मैचों की सीरीज में बाबर आजम चार पारियों में सिर्फ 64 रन बना पाए। घरेलू मैदान पर 2-0 से करारी हार के बाद पाकिस्तान आईसीसी की नई टेस्ट रैंकिंग में 8वें स्थान पर खिसक गया। पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में बाबर का संघर्ष स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने दिसंबर 2022 के बाद से कोई शतक नहीं बनाया है और लाल गेंद के प्रारूप में अपनी पिछली 16 पारियों में एक भी अर्धशतक दर्ज करने में विफल रहे हैं।

29 वर्षीय खिलाड़ी की खराब फॉर्म ने पाकिस्तान के घरेलू प्रदर्शन को प्रतिबिंबित किया है, जिसमें टीम बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 10 विकेट से हार गई, जो टाइगर्स के खिलाफ उनकी पहली टेस्ट हार थी। दूसरे टेस्ट मैच में, पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 26/6 पर झकझोर दिया, लेकिन मौके का फायदा उठाने में असमर्थ रहे जिससे बांग्लादेश ने मैच पर नियंत्रण कर लिया।




बल्लेबाजी चार्ट में इंग्लैंड के जो रूट का दबदबा कायम है। रूट के 922 रैंकिंग पॉइंट हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद केन विलियमसन से 63 ज़्यादा हैं। रूट के पास अपना खुद का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है जो जुलाई 2022 में भारत के खिलाफ एजबेस्टन में शतक लगाने के बाद हासिल की गई 923 रेटिंग से सिर्फ एक अंक दूर है। श्रीलंका के खिलाफ रूट शानदार फॉर्म में हैं। लॉर्ड्स टेस्ट की प्रत्येक पारी में दो शतकों के साथ रूट ने टेस्ट में सबसे ज़्यादा शतकों का नया ऑल-टाइम इंग्लैंड रिकॉर्ड बनाते हुए एलेस्टेयर कुक को पीछे छोड़ दिया। रूट ने अपने अंकों की संख्या 34 तक पहुंचाई।

न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड के हैरी ब्रूक शीर्ष 5 में शामिल हैं। रोहित शर्मा छठे स्थान पर शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय टेस्ट बल्लेबाज बने हुए हैं, उनके बाद यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली क्रमशः 7वें और 8वें स्थान पर हैं। तीनों भारतीय बल्लेबाजों के पास 19 सितंबर से घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में अपने रेटिंग अंक बढ़ाने का मौका है।

### आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग - 4 सितंबर तक

1. जो रूट - 922 रेटिंग अंक
2. केन विलियमसन - 859
3. डेरिल मिशेल - 768
4. स्टीव स्मिथ - 757
5. हैरी ब्रूक - 753
6. रोहित शर्मा - 751
7. यशस्वी जायसवाल - 740
8. विराट कोहली - 737
9. उस्मान ख्वाजा - 728
10. मोहम्मद रिजवान - 720

## बांग्लादेश से हार पड़ी भारी

### 1965 के बाद पहली बार सबसे निचले स्तर पर पहुंची पाकिस्तान टेस्ट टीम

**दुबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश के हाथों पहली बार टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान पर खिसक गया और उसकी रेटिंग 1965 के बाद पहली बार अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई। पाकिस्तान पहले टेस्ट मैच में 10 विकेट से और दूसरे मैच में छह विकेट से हार गया था। यह दोनों मैच रावलपिंडी में खेले गए थे। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'बांग्लादेश के हाथों अपने घरेलू मैदान पर श्रृंखला में करारी हार झेलने के बाद पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दो स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गया है।



वेबसाइट के अनुसार, 'पाकिस्तान की टीम श्रृंखला से पहले छठे स्थान पर थी लेकिन लगातार हार के कारण वह वेस्टइंडीज से नीचे आठवें स्थान पर पहुंच गई है। उसके 76 रेटिंग अंक हैं। पाकिस्तान 1965 के बाद पहली बार इतने कम रेटिंग अंकों पर पहुंचा है। बांग्लादेश 13 रेटिंग अंक हासिल करने के बावजूद पाकिस्तान से पीछे नौवें स्थान पर बना हुआ है। श्रृंखला में 2-0 से जीत के बाद हालांकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में उसको फायदा हुआ है और वह भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया है जबकि इंग्लैंड पांचवें स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश अब दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा जिसका पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

## पैराओलंपिक-2024 : ऊंची कूद स्पर्धा में शरद का लगातार दूसरा पदक, मरियप्पन ने रचा इतिहास

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय एथलीट शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुई स्पर्धा में शरद कुमार ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में मुकाबले में 1.88 मीटर की छलांग लगाकर पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता।

यह शरद कुमार का दूसरा पैरालंपिक पदक था। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में 1.83 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता था। अमेरिका के एजरा फ्रेच ने 1.94 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।




मरियप्पन थंगावेलु ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में 1.85 मीटर की छलांग लगाते हुए कांस्य पदक जीता। इसी के साथ वह लगातार तीन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-एथलीट बन गए है। उन्होंने रियो 2016 में 1.89 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 में 1.86 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा

# उत्तर प्रदेश में बनेंगे 18 फुटबॉल स्टेडियम और 827 फुटबॉल मैदान

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के 18 कमिश्नरेट में 18 फुटबॉल स्टेडियम बनाने की योजना की घोषणा की है। इस खूबसूरत खेल को और बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्याप्त फुटबॉल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में हर ब्लॉक में 827 फुटबॉल मैदान भी तैयार किए जाएंगे जिससे अधिक टूर्नामेंटों की मेजबानी को बढ़ावा मिलेगा।




अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने लखनऊ में डर्बी मैच से पहले मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कहा, 8 अगस्त को मुझे आपसे (यूपी के सीएम) मिलने का सौभाग्य मिला। फुटबॉल के प्रति आपके प्यार और समर्पण को महसूस करने के बाद, मैंने आपसे एक अनुरोध किया। मैंने कहा कि अगर डर्बी जैसा मैच लखनऊ में खेला जाता है, तो यह यूपी में फुटबॉल के विकास में मदद करेगा। लेकिन मैच की मेजबानी के लिए एक अच्छा स्टेडियम होना एक समस्या हो सकती है। लेकिन मुझे आश्चर्य हुआ कि यूपी सरकार ने इस बड़े अवसर के लिए केडी सिंह बाबू स्टेडियम का जीर्णोद्धार करने में केवल 19 दिन लगाए। यह लखनऊ शहर के हर फुटबॉल प्रेमी के लिए बहुत खुशी की बात है।

सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने लखनऊ में अपनी पहली कोलकाता डर्बी की मेजबानी की, जो ऐतिहासिक थी क्योंकि मोहन बागान सुपर जायंट ने पेनल्टी पर ईस्ट बंगाल एफसी को 1(3)-1(2) से हराया। स्टेडियम में जनता को संबोधित करते हुए यूपी के सीएम ने कहा, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि यह प्रतिष्ठित मैच पहली बार हमारे राज्य की राजधानी लखनऊ में खेला जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित खेलो इंडिया पहल भारत में खेलों का एक प्रमुख चालक रही है और उनके विजन से प्रेरित होकर, यूपी ने खुद को इस मिशन के साथ जोड़ लिया है।

उन्होंने कहा, जब मैं तीन सप्ताह पहले श्री चौबे से मिला था तो उन्होंने उत्तर प्रदेश में फुटबॉल को लोकप्रिय बनाने के लिए एक मंच की इच्छा जताई थी और कहा था कि अगर खेल को सरकार का समर्थन मिले तो इस प्रक्रिया को तेज किया जा सकता है।

# अजीत ने भाला फेंक स्पर्धा में रजत और सुंदर ने जीता कांस्य पदक



**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय एथलीट अजीत सिंह ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक की भाला फेंक एफ46 वर्ग की स्पर्धा में रजत पदक और हमवतन सुंदर सिंह गुर्जर ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुए मुकाबले में अजीत सिंह ने 65.62 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्पर्धा के दौरान सुंदर सिंह गुर्जर 64.96 मीटर के अपने चौथे थ्रो के बाद दूसरे स्थान पर थे, लेकिन अजीत सिंह ने वापसी करते 65.62 मीटर का थ्रो करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। मुकाबले के बाद अजीत ने कहा, 'मैंने टोक्यो (2020) में पैरालंपिक में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, इसलिए इस बार मैंने पदक पर ध्यान केंद्रित किया उसके रंग के पदक पर नहीं। उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान स्वर्ण पर नहीं था, मैं बस कोई भी पदक जीतना चाहता था, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले वर्ष विश्व चैंपियन था, लेकिन इस साल कोबे में विश्व चैंपियनशिप में मुझे केवल कांस्य पदक मिला। मैं उस समय अच्छी स्थिति में नहीं था, क्योंकि मेरा ध्यान पेरिस (2024) के लिए तैयार होने पर था। उन्होंने कहा, 'तो इस एक रजत पदक का मतलब सबकुछ है। अभी भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यहां मैं एक पदक जीतना चाहता था और रजत पदक बहुत अच्छा है।

# कांग्रेस झूठ पर जिंदा है, कांग्रेस के नेता जनता के लिए नहीं, एक परिवार के लिए वफादार : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
नीलोखेड़ी की तरावड़ी अनाज मंडी में 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही झूठ बोलना है। झूठ बोलकर ये जनता के वोट लेते हैं और फिर जनता का शोषण करते हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ पर जिंदा है। कांग्रेस पार्टी और इसके नेता सिर्फ एक परिवार के लिए वफादार हैं, ये लोग देश और जनता के लिए कभी भी वफादार नहीं हो सकते। हाल ही में जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ हुए गठबंधन ने कांग्रेस की पोल खोल कर रख दी है। कांग्रेस ने वहां आतंकवादियों को सम्मान देने की बात कही है, इसे मेनिफेस्टो में भी दर्ज किया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है, लगभग 10 प्रतिशत सैनिक हरियाणा से हैं। ये जवान अपनी जान की बाजी लगाकर आतंकवादियों से लोहा लेते हैं और कांग्रेस उन्हीं आतंकवादियों को सम्मान देने की बात कर रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं राहुल गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछना चाहता हूं कि क्या देश के जवान को एक तरफ रखकर वे आतंकवादियों को सम्मान देने के पक्षधर हैं। हरियाणा के सैनिक जवान कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेंगे। जन आशीर्वाद रैली में जुटी हजारों की भीड़ देखकर नायब सैनी गदगद हो गए और उत्साहित नजर आए। नायब सैनी ने कहा कि यहां आए हजारों लोगों के हुजूम ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार नीलोखेड़ी से एक कमल खिलकर चंडीगढ़ जा रहा है। रैली में पहुंची मातृशक्ति ने मोहर लगा दी है कि नीलोखेड़ी से कमल खिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास न कहने को कुछ है न बोलने को। जब कुछ नहीं बचा तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे हिसाब मांगों यात्रा लेकर निकल पड़े। नायब सैनी ने शायराना अंदाज में कांगेस पर कटाक्ष किया कि 'दिल में कसक है, चेहरे पर नकाब लिए फिरते हैं, जिनके खुद के खाते खराब हैं, वो हमारा हिसाब लिए फिरते हैं'। रैली में पूर्व विधायक



भगवान दास कबीरपंथी, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, अलीगढ़ के सांसद और करनाल प्रभारी सतीश गौतम, जिला प्रभारी भारत भूषण, मीना चौहान, गुरमेश गोंदर, स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाष चंद्र, हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के सदस्य रहे अमरनाथ सौदा, नगर निगम चेरयमैन रेनू बाला, कृष्ण गर्ग, राजबीर शर्मा, शिवनाथ कपूर, प्रवीण गुप्ता, महिपाल राणा, नरेश बंसल, संजय राणा, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे। 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम तो हर साल जनता के बीच में जाकर हिसाब देते हैं, लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी 10 साल मुख्यमंत्री रहे हैं, वे भी अपना हिसाब दें। जनता को बताएं कि किस तरह कांग्रेस के राज में दलितों की बस्तियों को फूंका गया, दलितों को पलायन के लिए क्यों मजबूर किया गया। किसानों की जमीन क्यों दामाद को खुश करने के लिए लूटी गई, किसानों पर गोलियां क्यों चलाई गई, पेंशन 500 रुपये से ज्यादा क्यों नहीं बढ़ाई गई। नायब सिंह नै कहा कि ऐसे बहुत से सवाल हैं, जिनका जवाब न तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पास है और न ही पूरी कांग्रेस पार्टी के पास। हरियाणा की जनता कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कभी माफ नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में बुजुर्ग पेंशन बनवाने के लिए धक्के खाते थे, पेंशन बन भी जाती थी तो अधिकारियों को खर्ची देनी पड़ती थी। हुड्डा बताएं कि कितनी पेंशन अपने कार्यकाल में बनवाई। कर्मचारियों के ट्रांसफर में भ्रष्टाचार होता था, आज एक बटन से कर्मचारी ट्रांसफर ले सकते हैं, हमने लाखों लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए। चिरायु योजना चलाकर गरीब लोगों का इलाज करवाने की मुफ्त सुविधा दी। लेकिन कांग्रेस के शासन में ऐसी कोई योजना नहीं थी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा सरकार में आप नेता का प्रमोशन! नौकरी छोड़ने के 9 साल बाद हेड कांस्टेबल बनाए जाने का दावा




**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख नेता गोपाल इटालिया ने दावा किया है कि नौकरी छोड़ने के सालों बाद गुजरात पुलिस में उनका प्रमोशन कर दिया गया है। गोपाल इटालिया ने अहमदाबाद पुलिस की ओर से जारी कुछ दस्तावेजों को एक्स पर साझा करते हुए दावा किया कि प्रमोट किए गए पुलिसकर्मियों में उनका नाम भी शामिल है। उन्होंने इसको लेकर गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी पर तंज भी कसा।
गोपाल इटालिया ने एक्स पर लिखा, 'मैंने वर्ष-2015 में गुजरात पुलिस से इस्तीफा दे दिया था। मैं 8वीं पास गृह मंत्री हर्ष सांघवी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस वर्ष कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल की पदोन्नति सूची में मेरा नाम नंबर-726 पर शामिल करके मुझे हेड कांस्टेबल बना दिया।'
अहमदाबाद पुलिस की ओर से अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।
राजनीति में आने से पहले इटालिया गुजरात पुलिस में काम कर चुके हैं। वह लोकरक्षक दल के जवान थे और कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी की थी। 2015 में गुजरात के पाटीदार आंदोलन का अहम चेहरा रहे गोपाल इटालिया ने गुजरात में राजस्व क्लर्क के रूप में भी कॉन्ट्रैक्ट पर काम किया। 2017 में इटालिया ने गुजरात के मंत्री प्रदीप सिंह जडेजा पर विधानसभा के बाहर जूता उछाल दिया था। इसके बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया था। इटालिया 2020 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए और जल्द ही पार्टी का चेहरा बन गए।

### स्वीपर बनने को ही लगी होड़; 46 हजार ग्रेजुएट और पीजी डिग्री धारी भी रेस में उतरे



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में बेरोजगारी किस कदर हावी है इसकी ताजा बानगी सफाई कर्मचारी की भर्ती में देखने को मिली है। महज 15 हजार रुपये की सैलरी वाले हरियाणा कौशल रोजगार निगम में संविदा सफाई कर्मचारी पदों के लिए 46,000 से अधिक ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने आवेदन किया है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के आकड़ों के अनुसार, छह अगस्त से दो सितंबर के बीच लगभग 39,990 स्नातक और 6,112 से अधिक स्नातकोत्तर उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसके अलावा 12वीं पास 1,17,144 लोगों ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एचकेआरएन पूल के माध्यम से सरकारी विभाग, बोर्ड और निगमों में नियुक्त एक संविदा सफाई कर्मचारी को लगभग 15,000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस पद के लिए आवेदन करने में किसी भी प्रकार की गलतफहमी की संभावना नहीं है। नौकरी के विवरण में स्पष्ट रूप से कार्य की प्रकृति को दर्शाया गया है। एचकेआरएन वेबसाइट पर आवेदन करते समय उम्मीदवारों को एक घोषणा पत्र देना होता है, जिसमें वे यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्होंने नौकरी का विवरण ध्यान से पढ़ा है।



## बदलापुर की घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री क्यों चुप हैं : संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को बदलापुर यौन शोषण मामले को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, बदलापुर की घटना पर विपक्ष तो बात कर रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री और गृह मंत्री इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। संजय राउत ने कहा, बदलापुर के जिस स्कूल में यह घटना हुई है, उस संस्था के प्रमुख भी इन्हीं के हैं। एक कोतवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। स्कूल से सीसीटीवी फुटेज किसने गायब किया क्या सिर्फ एक सिपाही को बचाने के लिए या उसके पीछे के रहस्यों को छुपाने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

उन्होंने बंगाल की घटना का जिक्र करते हुए कहा, ममता दीदी के खिलाफ भाजपा ने एक आंदोलन किया। अस्पताल में जो दुर्घटना हुई है, उसके बाद पुलिस एक्शन में आई और उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार किया। अब वहां की सरकार ने आरोपी को सजा दिलाने के लिए एक कानून भी बनाया है। लेकिन, भाजपा ने 15 दिनों तक पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई। वहां हिंसा हुई और इसका जिम्मेदार कौन है। संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र की बात करें तो बदलापुर की घटना के बाद पूरा महाराष्ट्र सड़कों पर उतरा था, लेकिन कोर्ट के माध्यम से उस आंदोलन पर रोक लगाई गई।

## जम्मू-कश्मीर जमात-ए-इस्लामी ने आधिकारिक तौर पर किया निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन

**श्रीनगर, एजेंसी।** जमात-ए-इस्लामी संगठन ने अपनी नीतियों में एक बड़े बदलाव के तहत मंगलवार को 37 साल बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रक्रिया में शामिल होते हुए एक निर्दलीय उम्मीदवार को अपना समर्थन देने की आधिकारिक घोषणा की। जमात ने 1987 में अंतिम बार मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट (एमयूएफ) के बैनर तले समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करके विधानसभा चुनाव लड़ा था। उसके बाद से जमात ने जम्मू-कश्मीर में चुनावों का बहिष्कार किया है। इस बीच 1989 में राज्य अलगाववादी हिंसा की चपेट में आ गया था। शोपियां जिले के जैनपोरा विधानसभा क्षेत्र में एक स्वतंत्र उम्मीदवार एजाज अहमद मीर को अपना समर्थन दिया है। जमात के वरिष्ठ सदस्य शमीम अहमद थोकर ने कुछ पत्रकारों को बताया कि संगठन ने आधिकारिक तौर पर जैनपोरा निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र उम्मीदवार एजाज अहमद मीर को समर्थन दिया है। जमात का फैसला धार्मिक-राजनीतिक संगठन की नीति में एक बड़ा बदलाव दर्शाता है।

## ममता सरकार के खिलाफ बंगाली कलाकारों का आक्रोश, अब शुरू हुआ अवॉर्ड लौटाने का सिलसिला

**कोलकाता, एजेंसी।**
कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या का ममाला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की ममता सरकार के खिलाफ गुस्सा इस कदर बढ़ गया है कि बंगाली मनोरंजन जगत के प्रमुख कलाकार अपने-अपने अवॉर्ड लौटाने लगे हैं। इस मामले को लेकर बंगाल में सियासी माहौल गरमा गया है। इस घटना ने पूरे राज्य में आक्रोश पैदा कर दिया है। आम हो या खास कई लोग डॉक्टरों के साथ मिलकर सड़कों पर उतर आए हैं। अब बंगाली फिल्म और थियेटर के कलाकार भी इस विरोध में अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। सुदीप्त चक्रवर्ती, चंदन सेन और बिप्लब बनर्जी जैसे मझे हुए कलाकारों ने राज्य सरकार से मिले अवॉर्ड को वापस करना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि सरकार ने जनता की भावनाओं और न्याय की मांग को नजरअंदाज किया है, जिससे वे बेहद आहत हैं।







ममता सरकार के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन पर टीएमसी विधायक कंचन मलिक ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जो कलाकार राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें राज्य सरकार से मिले सम्मान को वापस कर देना चाहिए। कंचन मलिक के इस बयान के बाद बंगाली कलाकारों का गुस्सा फूटा है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री सुदीप्तो चक्रवर्ती ने स्पेशल फिल्म अवार्ड लौटाने का फैसला किया है। अपने इस फैसले को लेकर उन्होंने कहा, मैंने कभी किसी से समझौता नहीं किया और न ही करूंगी। जब विधायक ने कहा कि जो लोग सड़कों पर उतर रहे हैं, उन्हें अपने अवॉर्ड वापस कर देने चाहिए, तो मैंने फौरन ये फैसला कर लिया। सुदीप्तो ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा, मैं सड़क पर खड़ी रहूंगी और न्याय की मांग करती रहूंगी - कानूनी और सामाजिक, दोनों रूपों में। वहीं मशहूर नाटककार चंदन सेन ने तृणमूल कांग्रेस के विधायक कंचन मलिक के बयान से आहत होकर दीनबंधु मित्र पुरस्कार लौटाने का ऐलान किया है। 2017 में थिएटर के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस पुरस्कार को प्राप्त कर चुके चंदन सेन ने कहा कि उनके पिता सरकारी अस्पताल में डॉक्टर थे और वे डॉक्टरों के दर्द को अच्छी तरह से समझते हैं। इसी भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अवॉर्ड लौटाने का निर्णय लिया। इसके बाद अभिनेता-निर्देशक बिप्लब बनर्जी ने भी अपना नाट्य अकादमी पुरस्कार लौटाने का ऐलान किया है। बिप्लब ने भी कहा कि कंचन मलिक के बयान ने उन्हें गहराई से चोट पहुंचाई है, और इसलिए वे 30 हजार रुपये की पुरस्कार राशि के साथ-साथ पुरस्कार भी वापस कर रहे हैं।

## पत्नी का 72 लोगों से करवाया रेप, अजनबियों को भर्ती करता था पति; इतना नशा दिया की पता ही नहीं चला

**एविग्नन , एजेंसी।**
एक व्यक्ति 10 साल तक अपनी पत्नी को नशीला पदार्थ देकर उसका बलात्कार करने के लिए अजनबियों को बुलाता रहा। इस मामले ने हर किसी को हिलाकर रख दिया है। दरअसल, ये मामला फ्रांस के दक्षिणी शहर एविग्नन का है। जिन लोगों से उसने बलात्कार करवाया, उनकी भर्ती उसने ऑनलाइन की थी। आरोपी पति के साथ उन पचास लोगों पर भी मुकदमा चल रहा है, जिन्होंने महिला का बलात्कार किया। मुख्य संदिग्ध फ्रांस की सरकारी बिजली उपयोगिता कंपनी इडीएफ का 71 वर्षीय पूर्व कर्मचारी है। पुलिस ने बताया कि 72 लोगों ने कुल 92 बार महिला से बलात्कार किया था। इन आरोपियों में से 51 की पहचान हो चुकी है। 26 से 74 वर्ष की आयु के इन पुरुषों पर 72 वर्षीय महिला का बलात्कार करने का आरोप है।

महिला के वकीलों का कहना है कि महिला को इतना अधिक नशीला पदार्थ दिया गया था कि उसे इस बात की जानकारी ही नहीं थी कि उसके साथ एक दशक तक दुष्कर्म होता रहा।



महिला ने केस के प्रचार की मांग की
केस की सुनवाई करते हुए पीठासीन न्यायाधीश रोजर अराता ने घोषणा की कि सभी सुनवाई सार्वजनिक होंगी, जिससे महिला की इच्छा पूरी हो जाएगी कि वह अदालती मामले की कार्यवाही का प्रचार हो। दरअसल, महिला अपने साथ हुई घटना के बारे में जागरूकता फैलाना चाहती है, ताकि ऐसी घटनाएं फिर कभी न हों। पुलिस ने कहा कि उन्हें आरोपी पति के कंप्यूटर पर उसकी पत्नी की सैकड़ों तस्वीरें और वीडियो मिले, जो स्पष्ट रूप से बेहोशी की स्थिति में थीं। यह दुर्व्यवहार 2011 में शुरू हुआ था, जब यह जोड़ा पेरिस के पास रह रहा था और दो साल बाद माजान में चले जाने के बाद भी जारी रहा। आरोपी बलात्कारियों में एक फोर्कलिफ्ट ड्राइवर, एक फायर ब्रिगेड अधिकारी, एक कंपनी का बॉस और एक पत्रकार शामिल हैं।

## फिलाडेल्फिया गलियारा जिसे छोड़ने को तैयार नहीं थे बेंजामिन नेतन्याहू, अचानक ढीले पड़े तेवर

**येरुशलम, एजेंसी।** बीते दिनों गाजा की सुरंग में मिले इजरायली बंधकों की लाशों पर एक बार फिर इजरायल और हमास आतंकियों में ठन गई है। युद्धविराम पर संकट पैदा हो गया है। हालांकि अमेरिका पूरी कोशिश में है कि वह दोनों के बीच समझौता करा ले। उधर, इजरायल में भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं और नेतन्याहू का जमकर विरोध हो रहा है। बंधकों की रिहाई, गाजा से आईडीएफ की वापसी के अलावा हमास और इजरायल के बीच डील में फिलाडेल्फिया गलियारा भी बहुत महत्वपूर्ण है। हमास चाहता है कि इजरायली सेना इसे छोड़ दे, जबकि बेंजामिन नेतन्याहू इस बात पर अड़े रहे कि वे किसी भी कीमत पर इसे नहीं स्वीकारेंगे। इस बीच नेतन्याहू के तेवर ढीले पड़ गए हैं। उन्होंने फिलाडेल्फिया गलियारा से सेना को वापस बुलाने का आश्वासन दिया है। इसके पीछे की वजह क्या है? और फिलाडेल्फिया गलियारा इजरायल और हमास दोनों के लिए कितना महत्वपूर्ण है? इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में संघर्ष विराम समझौते के लिए बनाए जा रहे दबाव का प्रतिरोध करने की बात कही है। अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में सोमवार को नेतन्याहू ने कहा कि वह फिलाडेल्फिया गलियारा पर इजराइली नियंत्रण की मांग पर जोर देना जारी रखेंगे। हालांकि मंगलवार को उनके तेवर ढीले हो गए और उन्होंने आश्वासन दिया है कि युद्धविराम के दूसरे चरण में उनकी सेना फिलाडेल्फिया गलियारा से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित करेंगे लेकिन, मिस्र नेतन्याहू के इस वादे को संदेह की नजर से देखता है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर फिलाडेल्फिया गलियारे के संबंध में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की टिप्पणियों सही प्रतीत नहीं होती हैं। फिलाडेल्फिया गलियारा मिस्त्र-गाजा सीमा पर स्थित है। बयान में कहा गया है, काहिरा इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों को खारिज करता है और क्षेत्र में बढ़ते तनाव के लिए उन्हें जिम्मेदार मानता है।

## पाकिस्तानी पायलट ने कार की तरह साफ की विमान की विंड स्क्रीन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
घाटे से जूझ रही पाकिस्तानी इंटरनेशनल एयरलाइन के पायलट ने उड़ान भरने पहले अपने विमान की विंड स्क्रीन साफ की। कार और ट्रक की तरह विमान की एक खिड़की से आगे निकलकर पायलट विमान का शीशा साफ करता दिखा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसे लेकर लोगों की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान-सऊदी अरब के जेहाद के बीच चलने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ान एयरबस ए 330-200 में यह घटना हुई। इसमें पायलट आगे का नजारा साफ देखने के लिए खुद ही विमान की विंड स्क्रीन साफ करता नजर आया। इसका वीडियो सामने आने के बाद सुरक्षा कारणों को लेकर लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आई। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने पाकिस्तान की वित्तीय स्थिति का मजाक उड़ाया। एक यूजर ने एक्स पर लिखा कि लगता है पायलट पहले कैब का ड्राइवर रहा है। वहीं एक अन्य यूजर ने यात्रियों की सुरक्षा की प्रार्थना की।



बता दें कि पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस बीते दो साल से घाटे से जूझ रही है। पिछली कई सरकारों ने पीआईए को बेचने की कोशिश की, मगर राजनीतिक कारणों से ऐसा नहीं हो सका। क्योंकि विपक्षी दलों ने हजारों एयरलाइन कर्मचारियों के बेरोजगार होने को बड़ा मुद्दा बनाया। अब कार्यवाहक सरकार ने इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश की। मगर चुनाव आयोग ने फैसले पर रोक लगा दी।

पाकिस्तान सरकार का कहना है कि पीआईए से जुड़ी कुल संपत्तियों की लागत 171.43 अरब रुपये है। निजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीआईए की संपत्तियों और ऋण को इसके अधिकार वाली कंपनी और अधिग्रहण करने वाली नई कंपनी के बीच बांट दिया जाएगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार पीआईए पर सरकार का कुल 161 अरब रुपये और निजी बैंकों का 267 अरब रुपये बकाया है। यह बकाया पीआईए की अधिकार वाली कंपनी को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। आगे बताया गया है कि पीआईए की कुल 171.43 अरब की संपत्ति में से 146.57 अरब रुपये नए संस्थान को हस्तांतरित किए जाएंगे। इसके अलावा 24.86 अरब रुपये की संपत्ति इसकी आधिकारिक कंपनी के पास रहेगी।

## यूपी की शहजादी को दुबई में होगी फांसी! माता-पिता के नहीं थम रहे आंसू

**दुबई , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बांदा की बेटी को संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में फांसी होने वाली है। लड़की दुबई की जेल में बंद है। लड़की के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पिता के मुताबिक दुबई से उसके पास फोन आया है। इसमें बताया कि आपकी बेटी जेल में है। उसे 20 सितंबर के बाद किसी भी वक्त फांसी हो सकती है। दुबई में फंसी बांदा की इस लड़की का नाम शहजादी है।

मात-पिता का कहना है कि उनकी बेटी बेकसूर है। उन्होंने सरकार से बेटी को वापस देश लाने की गुहार लगाई है। आठ साल की उम्र में खाना बनाते वक्त शहजादी का चेहरा बुरी तरह से झुलस गया था। वह रोटी बैंक में काम करती थी। इसी बीच फेसबुक के जरिए उसका संपर्क आगरा के रहने वाले उजैर से हुआ। शहजादी उसके प्रेम जाल में फंस गई। इसके बाद उसने शहजादी को आगरा बुला लिया। माता-पिता के मुताबिक उजैर ने शहजादी से कहा कि उसके चेहरे का इलाज दुबई में हो जाएगा। इसी झांसे में उसने शहजादी का सौदा दुबई में रहने वाले फैज और नादिया दंपति से कर दिया। यहां शहजादी घरेलू काम करती थी। कई बार उसे उत्पीड़न का भी सामना किया। शहजादी के माता-पिता के मुताबिक दुबई में फैज दंपति का बच्चा बीमार था। इंजेक्शन लगने के बाद उसकी मौत हो गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129